P372

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शुक्रवार 05 जून 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 188

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com

dainikindoresanket


dainikindoresanket

dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत





राष्ट्रपिता को नमन...



# सुबह तेज बारिश से शहर हुआ तरबतर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में आज सुबह बादल बरस पड़े। लगभग आधा घंटा तेज बारिश हुई। इससे शहरवासियों को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। शहरवासियों को आगामी चार दिनों तक तेज गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। आज सुबह 6 बजे के आसपास अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। लगभग आधा घंटा चली तेज बारिश से सड़कों पर पानी बह निकला। इससे गर्मी से राहत मिली है। सुबह लगभग 15 मिलीमीटर वर्षा हुई, जिससे शहर तरबतर हो गया।

### संभाग में भी शहरवासियों को गर्मी से राहत मिलेगी

शहर में आज दोपहर में भी बादल छाने और गरज–चमक के साथ वर्षा होने के आसार है। इंदौर शहर के अलावा संभाग में भी शहरवासियों को गर्मी से राहत मिलेगी। आलीराजपुर, धार व झाबुआ में इंदौर जिले के मुकाबले ज्यादा वर्षा होने की संभावना है।

### वर्षा के चलते गर्मी से काफी राहत मिलने के आसार हैं

पिछले कुछ दिनों से आसमान पर बादल छा रहे थे। दो दिन पहले इंदौर शहर सहित संभाग के अंचल में धूलभरी आंधी का भी असर रहा। इससे माना जा रहा था कि अब प्री–मानसून की गतिविधियां शुरू हो गई हैं, लेकिन बारिश होने का इंतजार बना हुआ था। यह इंतजार शुक्रवार सुबह तब समाप्त हुआ, जब बादल झूमकर बरस पड़े। शहरवासियों को इस वर्षा के चलते गर्मी से काफी राहत मिलने के आसार हैं।

### अगले चार दिन बादल छाने और वर्षा होने की संभावना है

भोपाल स्थित मौसम केंद्र के विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में उत्तर पाकिस्तान पर एक पश्चिमी विक्षोभ चक्रवाती हवाओं के घेरे के रुप में बना हुआ है। वहीं मध्य उत्तर प्रदेश व उससे सटे समुद्र तल पर चक्रवाती हवाओं का घेरा बना हुआ है। इसके प्रभाव से शहर में अगले चार दिन बादल छाने और वर्षा होने की संभावना है। वही तापमान में दो से तीन दिन की गिरावट देखने को मिलेगी। गुरुवार को दोपहर में सूरज की बादलों के साथ आंख मिचौली जारी रही। दिन का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम था। वही न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य था। गुरुवार को शाम के समय भी गर्म हवाओं ने परेशान किया।

### अवैध टैंकरों के भरने पर लगेगी रोक, बनेगा सिस्टम

## हाईड्रेंट-ओवरहेड टैंक पर लगेंगे सीसीटीवी



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में ओवरहेड टैंक और हाईड्रेंट अब सीसीटीवी कैमरों से लैस होगा। इसके लिए नगर निगम ने तैयारी कर ली है। इससे मुख्य रूप से अवैध रूप से टैंकर भरने पर रोक लगेगी और जनता को सीधे निशुल्क पानी मिल सकेगा।

दरअसल, शहर में जल संकट के बीच भी हाईड्रेंट से अवैध रूप से पानी के टैंकर भरे जा रहे थे, इसकी शिकायत भी निगम तक पहुंच रही थी। जानकारी मिलने पर निगम द्वारा कई टैंकर को पकड़ा भी गया और संबंधित एजेंसी पर पेनाल्टी भी लगाई गई। जनकार्य प्रभारी व एमआईसी मेंबर अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि शहर में जितने हाईड्रेंट और ओवरहेड टैंक है उन सभी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये सभी टैंक और हाईड्रेंट सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगे।

सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद इसकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे लगने से जो लगातार शिकायतें मिल रही थी कि अवैध रूप से टैंकर भरा रहे है, उनकी जानकारी मिल सकेगी और उस पर रोक लगाई जाएगी, ताकि जनता तक सीधे निशुल्क पानी मिल सके।

### सभी टंकियों पर लगेंगे सीसीटीवी

उन्होंने बताया सभी 160 टंकियों पर ये सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस पर नजर रखने के लिए जो मूसाखेड़ी में नर्मदा का स्कॉडा बना है, वहीं से ही इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी।

## 17 किलोमीटर के हिस्से पर 18 जून से शुरू होगा मेट्रो का कमर्शियल सफर



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एक साल के इंतजार के बाद अब मेट्रो सुपर कॉरिडोर से आगे बढ़कर रेडिसन चौराहे पर यात्रियों के साथ पहुंचेगी। इंदौर में 18 जून से सुपर कॉरिडोर के गांधी नगर स्टेशन से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू होगा।

31 मई को सुपर कॉरिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से में पांच स्टेशन के बीच मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू किया गया था और पहली बार चली मेट्रो में शहरवासियों ने सफर किया था। अब एक साल के इंतजार के बाद मेट्रो सुपर कारिडोर से रेडिसन चौराहे तक 17 किलोमीटर के हिस्से पर मेट्रो का यात्रियों के साथ सफर शुरू होगा। एयरपोर्ट का भूमिगत मेट्रो स्टेशन सबसे पहले तैयार होगा। ऐसे में जून 2028 तक एयरपोर्ट से खजराना तक यात्री मेट्रो बैठकर सफर कर सकेंगे। पूर्व में दो अक्टूबर 2025 तक दशहरे के मौके पर मेट्रो को रेडिसन तक चलाने का दावा किया गया था। इसके बाद दीपावली फिर मार्च तक मेट्रो का संचालन का दावा किया गया। 25 मार्च में कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी से हरी झंडी दी थी। सीएमआरएस द्वारा दी गई कमर्शियल रन के लिए दी गई अनुमति की वैधता तीन माह रहती है। ऐसे 25 जून को वैधता खत्म हो रही थी। इसके बाद फिर से सीएमआरएस का निरीक्षण करवाना पड़ता। इस वजह से उसके पहले 18 जून को मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करने का ताबड़तोड़ निर्णय लिया गया।

# पीएम मोदी एक साल में पद छोड़ देंगे-राहुल





**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● देश की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आ गया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी ने एक ऐसी राजनीतिक भविष्यवाणी कर दी है, जिसने सत्ता के गलियारों में हलचल मचा दी है। राहुल गांधी का दावा है कि अगले महज एक साल के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुर्सी जाने वाली है और उनकी विदाई तय है। इसके पीछे उन्होंने देश में गहराते आर्थिक और संवैधानिक संकट का हवाला दिया है।

**देश में आने वाली है भयंकर आर्थिक सुनामी**–राहुल गांधी कल राष्ट्रीय आदिवासी प्रोफेशनल्स कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर बेहद डराने वाली चेतावनी दी। राहुल गांधी ने कहा कि देश में एक भयंकर आर्थिक सुनामी दस्तक दे रही है, जिसके बाद हर जरूरी चीज के दाम आसमान छूने वाले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुस्तान का जो आर्थिक सुरक्षा तंत्र (प्रोटेक्शन सिस्टम) था, उसे भाजपा ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। उनके मुताबिक, देश जल्द ही एक ऐसी आर्थिक क्राइसिस यानी महामंदी का सामना करने जा रहा है, जो किसी ने अपने पूरे जीवन में नहीं देखी होगी और अब इसे रोकना नामुमकिन है।

अपनी इस बड़ी भविष्यवाणी के पीछे राहुल गांधी ने देश की बड़ी संस्थाओं के भीतर चल रहे कथित असंतोष का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि आज हिंदुस्तान के अंदर पूरी व्यवस्था के खिलाफ एक अंदरूनी विद्रोह (इंस्टीट्यूशनल रिवोल्ट) जैसी स्थिति बन रही है। उन्होंने कहा कि लोग सोचते हैं कि चुनाव आयोग पूरी तरह सरकार के कंट्रोल में है, लेकिन सच यह है कि वह तीन साल पहले पूरी तरह कंट्रोल में था, अब नहीं। राहुल गांधी ने यहाँ तक दावा कर दिया कि खुद चुनाव आयुक्तों के मैसेज उनके पास आ रहे हैं। इसके साथ ही सीनियर जूडिशियरी (न्यायपालिका) और खुफिया एजेंसियों के बड़े अधिकारी भी अंदर ही अंदर इस व्यवस्था के खिलाफ खड़े हो रहे हैं।

### विधानसभा में कमजोर कांग्रेस को दे दी राज्यसभा की एकमात्र सीट

तमिलनाडु में 18 जून को होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए सीएम विजय ने अपनी पार्टी की इकलौती सीट सीधे कांग्रेस की झोली में डाल दी है। इस फैसले ने हर किसी को इसलिए हैरान कर दिया है क्योंकि तमिलनाडु विधानसभा में कांग्रेस के पास मात्र पांच विधायक ही हैं। इतने कम आंकड़े होने के बावजूद



TVK ने यह इकलौती सीट कांग्रेस को एक तरह से दान कर दी है। आपको बता दें कि पिछले एक महीने के भीतर मुख्यमंत्री विजय की तरफ से कांग्रेस को मिला यह दूसरा सबसे बड़ा गिफ्ट है। इससे पहले राज्य में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान भी विजय ने बड़ा कदम उठाते हुए कांग्रेस के दो विधायकों को कैबिनेट में जगह दी थी। कांग्रेस के बेहद पुख्ता सूत्रों से छनकर आ रही खबरों के मुताबिक, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के कद्दावर पदाधिकारी प्रवीण चक्रवर्ती को इस सीट से उम्मीदवार बनाया जाने वाला है।

## इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका, डीएमके ने तोड़ा नाता



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन को एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने आधिकारिक तौर पर घोषणा कर दी है कि वह अब इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है। पार्टी प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि डीएमके ने गठबंधन से अपनी राहें अलग कर ली हैं। इसके साथ ही पार्टी 8 जून को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की अहम बैठक का भी बहिष्कार करेगी। वहीं तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता और छ्रब्य यूथ विंग के सेक्रेटरी उदयनिधि स्टालिन ने कांग्रेस पर धोखा देने का आरोप लगाया है।

**कांग्रेस के 'धोखे' से भड़की डीएमके**–डीएमके मुख्यालय की ओर से दिल्ली की बैठक में शामिल न होने का बयान जारी किया गया है। इसके कुछ घंटों बाद ही एलंगोवन ने समाचार एजेंसी एएनआई से गठबंधन छोड़ने की पुष्टि की। डीएमके के इस बड़े कदम के पीछे की मुख्य वजह कांग्रेस का रुख है।




## रजनीश के नाम ने दिग्गजों को चौंकाया, कांग्रेस ने अटकलों को खारिज कर खेला महिला कार्ड





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश से राज्यसभा की दो सीटों के लिए दिल्ली से जिन दो नामों का ऐलान हुआ उनमें रजनीश अग्रवाल का नाम भाजपा के कई दिग्गजों को चौंका दिया है। वहीं तरूण चुग के नाम की अटकलें राजनीतिक गलियारों में पहले से लगाई जा रही थीं। दो नामों के ऐलान के साथ भाजपा ने यह भी लगभग साफ कर दिया है कि वह राज्यसभा चुनावों में किसी तरह के गुणा–भाग को महत्व नहीं देगी।

**रास चुनाव में कांग्रेस ने खेला महिला कार्ड**–मप्र में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस ने महिला कार्ड खेला है। पूर्व लोकसभा सांसद मीनाक्षी नटराजन को कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बनाया है। वे वर्तमान में तेलंगाना की प्रभारी हैं और उन्हें राहुल गांधी की टीम का अहम सदस्य माना जाता है। मीनाक्षी नटराजन लो प्रोफाइल और निर्विवादित नेता हैं। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार गुरुवार को दिल्ली में मप्र से राज्यसभा सदस्य के लिए नामों पर विचार किया गया। पार्टी चाहती है कि राज्यसभा ऐसे व्यक्ति को भेजा जाए, जो निर्विवादित हो। यही कारण है कि प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेताओं से अलग–अलग चर्चा की गई। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को तीन बार दिल्ली बुलाया गया, तो पूर्व मंत्री अरुण यादव से भी उनकी राय जानी गई। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने भी बैठक की। सभी पक्षों से चर्चा के बाद मीनाक्षी नटराजन के नाम पर सहमति बनी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बावरा कराओ के की सुरमई गीतों भरी एक शाम



**इंदौर** ● बावरा कराओ के की सुरमई गीतों भरी एक शाम कार्यक्रम का शुभारंभ अर्चना मालवी द्वारा शुरू किया गया। कार्यक्रम में अन्य गायक गणेश पुराणिक, सुनिल श्रीवास्तव, राजा दुबे, पी.वी.एल.एन. राव हैदराबाद, बालकृष्ण गौतम उज्जैन, ओमप्रकाश चंदन व अन्य अभय तिवारी सा. द्वारा भी अपनी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम मधु परमार ताई, चंदा कुंदलवाल महू, बंसत कार्लेकर सा, शरद खण्डेलवाल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ था। उक्त जानकारी ओ.पी. भारती आयोजक द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन गोविंद दुबे द्वारा किया गया।

### लुनिया-बनर्जी को मिला 'भारत गौरव सम्मान'

**इंदौर** ● समाजसेवी एवं उद्यमी डॉ. विनायक अशोक लुनिया तथा अंतरराष्ट्रीय तबला वादक ताल रत्न पंडित आदित्य नारायण बनर्जी को महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित कार्यक्रम में गुजराती मारवाड़ी सोशल काउंसिल द्वारा 'भारत गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय एवं उल्लेखनीय योगदान तथा भारतीय कला एवं संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने के लिए प्रदान किया गया।

### रिलायंस कंज़्यूमर ने लॉन्च किया 'ऐलन्स पोटैटो चिप्स'

**इंदौर** ● दुनिया भर में फुटबॉल प्रेमियों पर फुटबॉल का खुमार छाया हुआ है। ऐसे में रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपने लोकप्रिय ब्रांड 'ऐलन्स पोटैटो चिप्स' के विशेष लिमिटेड-एडिशन रेंज के साथ इस रोमांच को सीधे स्नैक प्रेमियों तक पहुंचा रहा है।

### आज और 6 को शहर में पीएमएवाई स्पॉट सैंक्शन कैंप का आयोजन

**इंदौर** ● आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत इंदौर में घर खरीदना बेहद आसान और किफायती बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार की इस किफायती आवास योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और होम लोन मिलने की प्रक्रिया को सरल करने के उद्देश्य से, कंपनी 5 और 6 जून को पूरे राज्य में पीएमएवाई स्पॉट संक्शन कैंप आयोजित कर रही है। ये कैंप योग्य ग्राहकों को इस योजना के फायदों, सब्सिडी की पात्रता और आसान होम लोन प्रक्रिया को समझने में मदद करेंगे, जिससे इंदौर के साथ-साथ मध्य प्रदेश के अन्य बड़े शहरों और छोटे कस्बों के ग्राहकों को सीधा फायदा मिलेगा।

### कॉग्निजेंट ने ए'ऐस टीम प्रोग्राम' का शुभारंभ किया

**इंदौर** ● कॉग्निजेंट ने आज अपने कॉग्निजेंट ऐस टीम प्रोग्राम के शुभारंभ की घोषणा की। कंपनी ने बहुत सोच-समझकर इस पहल की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य बेहद होनहार इंजीनियरों की एक बेहतरीन टीम तैयार करना है, जो ग्राहकों को आज के जमाने के अनुरूप डिजिटल बदलाव को अपनाने में मदद करने के साथ-साथ कॉग्निजेंट को एक पूरी तरह से एआई बिल्डर संगठन के रूप में विकसित करने में सबसे अहम भूमिका निभाएंगे।

### वोग आईवियर ने कृति -शाहिद के साथ बनाया अपना नया चेहरा

**इंदौर** ● वोग आईवियर ने मशहूर अभिनेत्री कृति सेनन को अपना नया महिला ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस भूमिका में वह शाहिद कपूर के साथ शामिल हुई हैं, जो लंबे समय से ब्रांड का चेहरा रहे हैं। नई पीढ़ी की व्यक्तिगत पहचान और आत्मविश्वास को केंद्र में रखते हुए, ब्रांड ने अपना नया कैंपेन 'Vogue Eyewear Journeys' लॉन्च किया है।

---

निगम ने होटलों और व्यावसायिक भवनों के संचालकों को सीलिंग की चेतावनी दी

# अग्नि सुरक्षा मानकों की कमियां यदि तीन दिन में दूर नहीं की तो गिरेगी गाज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले होटलों एवं व्यावसायिक भवनों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाते हुए सीलिंग की कार्रवाई की चेतावनी जारी कर दी है। नगर निगम ने संबंधित प्रतिष्ठानों को सुधार के लिए तीन दिन का अंतिम नोटिस दिया है।

निगम द्वारा शहर में होटलों, मॉल, व्यावसायिक भवनों और बेसमेंट उपयोग वाले परिसरों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य संभावित अग्नि दुर्घटनाओं को रोकना और जनसुरक्षा सुनिश्चित करना है। संयुक्त निरीक्षण टीम द्वारा कई होटलों में फायर सेफ्टी उपकरणों की कमी और खराब स्थिति पाई गई।

जांच के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म सिस्टम, हाइड्रेंट सिस्टम, स्प्रिंकलर सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग और इमरजेंसी लाइटिंग जैसी व्यवस्थाओं में गंभीर कमियां सामने आई। निरीक्षण के दौरान कई भवनों में बेसमेंट का उपयोग स्वीकृत अनुमति के विपरीत पाए जाने पर भी आपत्ति दर्ज की गई।

**इन होटलों को नोटिस जारी:** जांच के दौरान जिन प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाई गई, उनमें प्रमुख रूप से गुरुकृपा होटल (सरवटे बस स्टैंड के सामने, नसिया रोड), होटल वैष्णव पैलेस (सरवटे बस स्टैंड), होटल द मीरा (एबी. रोड, पिपलियाराव), होटल द क्लीन इंदौर (ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर चौराहा, स्कीम 156), होटल दिलीप और होटल वैष्णव (नसिया रोड) शामिल हैं।

इन सभी को तीन दिन में कमियों को दूर करने और फायर सेफ्टी सिस्टम को पूर्ण रूप से कार्यशील करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम के अनुसार अब तक शहर में कुल 467 भवनों का सर्वे किया गया है, जिनमें 305 भवनों में फायर सेफ्टी उपकरण लगे पाए गए। हालांकि इनमें से 157 भवनों में उपकरण बंद या निष्क्रिय पाए गए हैं। अब तक 101 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि 32 भवनों में गंभीर अनियमितताओं के चलते सीलिंग की कार्रवाई की जा चुकी है।

**आगे सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि तीन दिन की समय सीमा के बाद पुन: निरीक्षण किया जाएगा। यदि निर्धारित मानकों के अनुसार फायर सेफ्टी उपकरण कार्यशील नहीं पाए गए या बेसमेंट उपयोग नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित भवनों को सील कर दिया जाएगा। आयुक्त ने सभी भवन संचालकों से अपील की है कि वे जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत फायर सेफ्टी व्यवस्थाएं दुरुस्त करें, ताकि आगे किसी भी कठोर कार्रवाई से बचा जा सके।

---

# एक रात में ही 7 डिग्री चढ़ा रात का पारा, दिन का सामान्य से कम ही रहा

## जून के दूसरे पखवाड़े में शहर पहुंचेगा मानसून

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● केरलम में मानसून ने देर से ही लेकिन दस्तक दे दी है, जिससे भारत के तटीय राज्यों में जोरदार बारिश का दौर शुरू हो गया है। जल्द ही इसके तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गोवा तक पहुंचने की उम्मीद है।

इंदौर में मानसून जून माह के दूसरे पखवाड़े में यानी लगभग 20 जून तक पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच आगामी दो-तीन दिन गरज-चमक के साथ बारिश की भी संभावना बनी हुई है। शहर में हल्के बादल छाए रहने के कारण रात के तापमान में बड़ा उछाल दर्ज किया गया। मंगलवार-बुधवार रात को जहां जून के इतिहास की दूसरी सबसे ठंडी रात थी, वहीं बुधवार गुरुवार रात तापमान में 7 डिग्री से ज्यादा की बढ़त हुई। इसके कारण लोग उमस और गर्मी से परेशान नजर आए। मौसम केंद्र के मुताबिक गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम था। जबकि बुधवार को यह 38.5 डिग्री था। वहीं रात से सुबह के बीच न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री रहा, जो सामान्य लेकिन एक रात पहले की अपेक्षा डिग्री ज्यादा था।

**अगले दो-तीन दिन में बारिश की संभावना**-यानी 24 घंटों में ही रात का तापमान 7.2 डिग्री बढ़ गया। इस दौरान हवाओं की दिशा पश्चिमी रही और अधिकतम रफ्तार 38 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि शहर में अगले दो से तीन दिन बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में कमी आएगी, वहीं तीन दिन बाद मौसम साफ हो सकता है और बारिश के लिए फिर इंतजार करना पड़ सकता है।

---

# रेवती रेंज में रोपे गए पौधों का महापौर ने किया अवलोकन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गुरुवार सुबह रेवती रेंज पहुंच कर वहां रोपे गए पौधों निरीक्षण किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, महापौर प्रतिनिधि महेंद्र ठाकुर, भावेश दवे सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर रेवती रेंज पर नगर निगम द्वारा लगाए गए पौधों के बड़े होकर लहलहाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। बता दें कि नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अगुवाई में जनभागीदारी के जरिए 12 लाख से अधिक पौधे नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा यहाँ लगाए गए थे जो अब बड़े हो गए हैं। महापौर ने पौधों की देख रेख में जुटे कर्मचारियों से भी संवाद किया और उनके समर्पण की सराहना की।

---

# सिरपुर तालाब की मुख्य जल चैनल पर बनी अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

### विरोध और हंगामे के बावजूद निगम ने बनी सड़क को उखाड़ा



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शहर के जल स्त्रोतों, तालाबों और प्राकृतिक जल निकासी मार्गों को सुरक्षित करने के लिए नगर पालिक निगम ने अभियान छेड़ दिया है। इसी क्रम में सिरपुर तालाब क्षेत्र में जल प्रवाह बाधित करने वाली अवैध कॉलोनी और उस पर बनी करीब 700 मीटर लंबी पक्की सड़क को निगम ने ध्वस्त कर दिया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार सिरपुर तालाब की मुख्य जल निकासी चैनल, जो वर्षा जल के प्राकृतिक प्रवाह का प्रमुख मार्ग है, उस पर अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। आरआर कैट ओवरफ्लो मार्ग से जुड़ी इस चैनल को पाइप डालकर, मुरम भरकर और सड़क निर्माण कर पूरी तरह बाधित कर दिया गया था। कॉलोनी सेल के अनुसार ग्राम सुख निवास, तहसील राऊ स्थित खसरा क्रमांक 80/1, 80/2, 81/1, 81/2/1/2 एवं 82 की कृषि भूमि पर फार्म हाउस के नाम पर प्लॉटिंग कर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी. जबकि राजस्व रिकॉर्ड में यह भूमि अभी भी कृषि श्रेणी में दर्ज है। कार्रवाई के दौरान कुछ किसानों और जमीन मालिकों ने विरोध किया और हंगामे की स्थिति भी बनी, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में निगम की कार्रवाई बिना रुके जारी रही।

---

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में अब तक 380 करोड़ की सब्सिडी दी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● पश्चिम मप्र यानि मालवा, निमाड़ में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर यानि परिसरों की छतों से सौर ऊर्जा उत्पादन करने वालों की संख्या में सतत बढ़ोत्तरी हो रही है। अब पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीन कुल 68000 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है। इनमें से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में ही 50 हजार से ज्यादा स्थानों पर संयंत्र लगे है। पीएम सूर्यघर मुफ्त योजना में 48 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को करीब 380 करोड़ रूपए की सब्सिडी केंद्र शासन द्वारा प्रदान की जा चुकी है। मालवा निमाड़ में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर क्षमता अब 418 मैगावाट के पार हो चुकी है। मई में सूर्यकिरणों की उपलब्धता 13 घंटे से ज्यादा की अवधि में होने से सौर ऊर्जा का उत्पादन भी अपेक्षाकृत ज्यादा हुआ है।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू होने के बार रूफ टॉप सोलर लगाने वालों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी की स्थिति निर्मित हुई है। इसी कारण जून पहले सप्ताह तक रूफ टॉप सोलर नेट मीटर अपनाने वालों की कुल संख्या 68000 के करीब हो चुकी है। इसमें से निम्नदाब से संबंधित उपभोक्ता 67200 एवं उच्चदाब से संबंधित उपभोक्ता 700 से ज्यादा की संख्या में है, जिनके परिसर में सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्र स्थापित है। सौर ऊर्जा उत्पादन में मप्र में सबसे ज्यादा इंदौर नगरीय् सीमा में सबसे ज्यादा 28200 स्थानों पर सोलर संयंत्र है। मध्य शहर के साथ ही बायपास, सुपर कारिडोर इत्यादि क्षेत्रों में भी प्रतिमाह बिजली कंपनी के उपभोक्ता सोलर के प्रति आकर्षित होकर संयंत्र स्थापित करा रहे है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत उपभोक्ताओं को पात्रतानुसार केंद्र शासन 78 हजार रूपए की सब्सिडी भी प्रदान कर रहा है।

---

### द क्रश कॉफी पर अब होगा खास संडे ब्रन्च

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर के सबसे पसंदीदा कैफ़े ब्रांड द क्रश कॉफी ने संडे ब्रन्च लॉन्च करने की घोषणा की। रविवार, 07 जून से शुरू होने वाले इस ब्रन्च में मेहमान खास तौर पर तैयार किए गए मेन्यू का मज़ा ले सकेंगे, जो द क्रश कॉफी की मशहूर कॉफ़ी संस्कृति को बेहतरीन खाने के साथ मिलाता है। द क्रश कॉफी यह पहल 'सिर्फ़ एक कैफ़े' की अपनी इमेज से आगे एक फाइन डाइन रेस्टोरेंट के रूप में स्थापित करने की कोशिश है। हरेक रविवार ब्रेकफ़ास्ट और लंच के मिले - जुले रूप में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच एक खास मेन्यू परोसा जाएगा।



---

### इप्टा के लिए नाटक केवल मनोरंजन नहीं, बेहतर समाज के निर्माण का माध्यम है



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारतीय जन नाट्य संघ की इंदौर इकाई द्वारा तैयार किए गए नाटक 'आज़ादी के तराने' की हाल ही में इंदौर, मुंबई और पुणे में सफल प्रस्तुतियों के उपरांत इंदौर लौटने पर कलाकारों, तकनीकी सहयोगियों और टीम के सभी सदस्यों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी साथियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके योगदान का सम्मान किया गया। अभिनव कला समाज में आयोजित इस कार्यक्रम में स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने कलाकारों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए कहा कि इस प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ निरंतर होती रहनी चाहिए।

---

जिला प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

## मंदिर की 1.5 करोड़ मूल्य की भूमि अतिक्रमण मुक्त, 700 मीटर मार्ग भी कराया गया बहाल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिले में शासकीय एवं सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने की मुहिम लगातार जारी है। इसी क्रम में आज खुड़ैल तहसील के ग्राम गारीपिपलिया में प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए देव धर्मराज मंदिर की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। एसडीएम श्रीमती प्रियंका चौरसिया ने बताया कि ग्राम गारीपिपलिया स्थित देव धर्मराज मंदिर की भूमि सर्वे नंबर 271, रकबा 0.295 हेक्टेयर, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये है, पर इस्माइल पिता भैया निवासी गारीपिपलिया द्वारा अतिक्रमण किया गया था। राजस्व विभाग की टीम ने आज कार्रवाई करते हुए उक्त भूमि से अतिक्रमण हटाकर मंदिर की भूमि को मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी सहित राजस्व अमला उपस्थित रहा। प्रशासन ने मंदिर तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए शासकीय भूमि सर्वे नंबर 273 से लगभग 700 मीटर लंबा मार्ग भी खुलवाया, जिससे श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

---

# निगम तैयार करेगा वॉटर पॉलिसी- महापौर



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर में जल संकट की समस्या से आने वाले समय में कैसे निपटा जाए, इसके लिए नगर निगम और महापौर पुष्यमित्र भार्गव की पहल पर जल संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के रहवासी संघों के साथ ही जल संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञों, पार्षदों और पर्यावरणविदों ने अपने सुझाव रखे।

इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर शहर में जल संकट को दूर करने के लिए जल नीति बनाई जाएगी, जल्द ही इस नीति का ड्रॉफ्ट तैयार करके एमआईसी बैठक में स्वीकृति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर दिन एक कॉलोनी में वह जागरूकता लाने के लिए लोगों के बीच पहुंचेंगे और एक वॉटर रिचार्जिंग शाफ्ट का निर्माण कराएंगे। इस तरह तीस दिन में तीस वॉटर रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण होगा। साथ ही उन्होंने कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष पर भी हमला बोला और कहा कि इंदौर को बदनाम करने वाले बताएं कि उन्होंने इंदौर की स्वच्छता और इंदौर के जल संरक्षण के लिए क्या काम किया हैं? सभा में जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए वर्षा जल संग्रहण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और भू-जल स्तर बढ़ाने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान जल संरक्षण के लिए तैयार प्रशिक्षण मॉड्यूल और भू-जल स्तर सुधारने संबंधी प्रस्तुति भी दी गई। जल विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने तथा जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर अपने विचार रखे।

---

### एचडीएफसी बैंक का 'परिवर्तन' कार्यक्रम बनी बड़ी पहल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर कार्यक्रम 'परिवर्तन' के ज़रिए, सीआईआई फाउंडेशन के साथ मिलकर, अपनी 'फसल अवशेष प्रबंधन' (सीआरएम) पहल में एक बड़ी उपलब्धि की घोषणा की। 2025 के सीज़न में, पंजाब और हरियाणा के कुल 3,78,425 एकड़ खेतों में से 88 फ़ीसदी खेतों को पराली जलाने से बचाया गया। पंजाब के 380 से ज़्यादा गांवों के 86,000 किसानों तक पहुँचने वाला यह कार्यक्रम, उत्तर भारत में खेती से होने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए निजी क्षेत्र की एक व्यापक और असरदार कोशिश है।

---

# आईडीए की 3 टीपीएस योजना में मास्टर प्लान के तहत सड़कों के काम में आई तेजी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी टीपीएस योजनाओं को लेकर अब गंभीरतापूर्वक काम तेजी से किया जा रहा है, बल्कि प्रमुख रूप से 3 टीपीएस योजना में मास्टर प्लान के अनुसार ही सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। दो योजना में तो सड़कों का काम समाप्ति की ओर है।

बताया जा रहा है कि आईडीए द्वारा लगातार शासन से मार्गदर्शन भी मांगा जा रहा है ताकि किसी तरह की परेशानी को दूर किया जा सकता है। इसको लेकर लगातार प्राधिकरण अपने अनुसार न केवल काम कर रहा है बल्कि समय समय पर शासन के आवास एवं पर्यावरण मंत्रालय से भी मार्गदर्शन लिया जा रहा है। एक लंबे अंतराल में काफी मेहनत और शासन के सहयोग से टीपीएस योजना में आने वाली परेशानियों को दूर किया गया है और अभी भी कुछ शेष योजनाओं पर काम चल रहा है। विकास प्राधिकरण की टीपीएस योजना क्रमांक 4, 5 और 9 जो कि बायपास फीनिक्स मॉल के पीछे की ओर है। यहां पर अलग-अलग स्थानों पर मास्टर प्लान के अनुसार ही बड़ी सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है और कुछ में काम समाप्त भी होने जा रहा है ताकि आगे की योजना के अनुसार यहां पर काम किया जा सकता है। इन प्रमुख 3 टीपीएस योजनाओं में बड़े पैमाने पर छोटे बड़े भूखंड हैं जो बाद में विकास प्राधिकरण नीलाम करेगा।



---

### मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के हितग्राहियों की ई-केवाईसी 13 जून तक अनिवार्य

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की ई-केवाईसी निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। संबल बोर्ड की चतुर्थ बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार जिन श्रमिकों की ई-केवाईसी अभी तक शेष है, उन्हें आगामी एक माह के भीतर यह प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूर्ण करानी होगी। श्रम विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत 13 जून 2026 तक सभी संबंधित श्रमिकों से संपर्क स्थापित कर उनकी ई-केवाईसी पूर्ण कराने की कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि शेष हितग्राहियों की जानकारी मंडल के आधिकारिक पोर्टल पर जिला एवं निकाय स्तर के लॉगिन पर उपलब्ध कराई गई है, साथ ही यह जानकारी सार्वजनिक डोमेन में भी प्रदर्शित है।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शुक्रवार 05 जून 2026

न्यूज ब्रीफ

## राज्य शासन द्वारा दुकान एवं स्थापनाओं में अग्नि सुरक्षा हेतु प्रस्तावित प्रारूप नियम तैयार

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश इंदौर के संचालक द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा दुकान एवं स्थापनाओं में अग्नि सुरक्षा हेतु प्रारूप नियम प्रस्तावित किये है। इसके तहत किसी भी भवन को अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु समुचित सुरक्षा व्यवस्था रखना अनिवार्य है। समस्त नागरिकों को भी किसी भवन एवं स्थापन में प्रवेश करने के पूर्व ही उस भवन एवं स्थापन को अग्नि दुर्घटना से सुरक्षित है या नहीं यह जानकारी होना आवश्यक है। संचालक के अनुसार दुकान एवं स्थापनाओं में सामान्य अग्नि सुरक्षा आवश्यकताएं, आपातकालीन निकास और निकासी, विद्युत सुरक्षा, ज्वलनशील एवं परिसंकटमय पदार्थों का भण्डारण, प्रशिक्षण एवं उत्तरदायित्व अभिलेखों का रखरखाव एवं निरीक्षण तथा उच्च जोखिम वाले स्थापनाओं के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। साथ ही भवन की फायर ऑडिट रिपोर्ट ऑनलाईन सार्वजनिक डोमेन में पोर्टल पर उपलब्ध होने की भी व्यवस्था की गई है। नागरिक उक्त प्रारूप नियम का विभागीय पोर्टल पर अवलोकन कर सकते हैं। यदि कोई नागरिक उक्त विषय पर सुझाव देना चाहते हैं तो ईमेल पर अपने सुझाव भेज सकते है, जिन पर एक सप्ताह की अवधि के अवसान उपरान्त विचार किया जाकर अन्तिम नियम प्रकाशित किये जायेंगे।

## ओंकारेश्वर में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लचर, एंबुलेंस पर उठे सवाल

दैनिक इंदौर संकेत

**खंडवा** ● ओंकारेश्वर में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की लचर स्थिति सामने आई है। एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन एंबुलेंस की अनुपलब्धता के कारण उसे समय पर उपचार नहीं मिल सका। इस घटना ने स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना बुधवार देर रात की है, जब ओंकारेश्वर निवासी रामकली पति विकास को प्रसव पीड़ा होने पर सिविल अस्पताल ओंकारेश्वर में भर्ती कराया गया। नर्सिंग स्टाफ ने सामान्य प्रसव का प्रयास किया, लेकिन स्थिति गंभीर होने पर ड्यूटी चिकित्सक डॉ. रवि वर्मा ने उन्हें खंडवा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, गुरुवार सुबह 4 बजे 108 एंबुलेंस सेवा से संपर्क किया गया। हालांकि, एंबुलेंस लगभग 25 किलोमीटर दूर धनगांव क्षेत्र में होने के कारण तत्काल उपलब्ध नहीं हो सकी। परिजनों ने आरोप लगाया कि चालक ने हेडलाइट खराब होने का हवाला देते हुए रात में आने से इनकार कर दिया और सुबह आने को कहा। अस्पताल की अपनी एंबुलेंस भी लंबी दूरी के रेफरल के लिए उपयुक्त स्थिति में नहीं थी, जिससे मरीज को समय पर उपचार के लिए भेजने में कठिनाई हुई।

महाकाल मंदिर को मिला राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार

# एआई से कैमरे और मॉनिटरिंग से सुरक्षा और सहायता के लिए मिला अवार्ड

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन** ● श्री महाकालेश्वर मंदिर अब सिर्फ आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि देश के सबसे स्मार्ट और हाईटेक धार्मिक स्थलों में भी शामिल हो गया है। केंद्र सरकार ने महाकाल मंदिर को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2026 के लिए चुना है। यह सम्मान मंदिर परिसर और महाकाल रुद्रसागर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट एरिया में स्थापित अत्याधुनिक एआई आधारित वीडियो सर्विलांस सिस्टम के लिए दिया जा रहा है।

महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए 500 से अधिक एआई-सक्षम कैमरे लगाए गए हैं, जो 24 घंटे निगरानी करते हैं। यह सिस्टम संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, फेसियल रिकॉग्निशन, वाहनों की नंबर प्लेट की ऑटोमैटिक पहचान और रियल टाइम वीडियो एनालिटिक्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है। लाखों



श्रद्धालुओं की आवाजाही के बीच यह सिस्टम सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लगातार मॉनिटर करता है। इस हाईटेक सुरक्षा व्यवस्था को 'महाकाल की तीसरी आंख' भी कहा जा रहा है। एआई तकनीक की मदद से मंदिर परिसर में होने वाली हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई संभव हो पाती है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार के चयन से पहले केंद्र सरकार की टीम ने उज्जैन पहुंचकर पूरे सिस्टम का निरीक्षण किया था। इसके बाद कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने 13 सदस्यीय ज्यूरी के सामने इस प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन दिया। प्रजेंटेशन और तकनीकी मूल्यांकन के बाद 'त्रिनेत्र' प्रोजेक्ट को देश की सर्वश्रेष्ठ डिजिटल परियोजनाओं में शामिल किया गया। यह पुरस्कार 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में प्रदान किया जाएगा। इस उपलब्धि के बाद उज्जैन अब केवल धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि देश की सबसे सुरक्षित और स्मार्ट धार्मिक नगरी के रूप में भी पहचान बना रहा है।

## मदे में शिक्षकों व कर्मचारियों के स्थानांतरण आवेदन 3 से 8 जून तक

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● राज्य शासन की स्थानांतरण नीति 2026-27 के तहत जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने स्थानांतरण आवेदनों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वैच्छिक स्थानांतरण के आवेदन 3 जून से 8 जून तक e-HRMS पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक स्थानांतरण के लिए अधिकतम 15 कार्यालयों/संस्थाओं का चयन कर सकेंगे। आवेदन में दर्शाए गए कारणों के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज पीडीएफ स्वरूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिनका आकार अधिकतम 2 एमबी निर्धारित किया गया है। एक बार आवेदन सबमिट होने के बाद उसमें किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा। विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि आवेदन में गलत जानकारी देने या सत्यापन में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी एवं सत्यापन अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पोर्टल पर प्रदर्शित रिक्तियां अस्थायी (टेंटेटिव) होंगी और समय-समय पर अपडेट की जा सकेंगी। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के स्थानांतरण केवल उनके विषय की रिक्तियों पर ही किए जाएंगे। वहीं प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के प्रशासनिक एवं स्वैच्छिक स्थानांतरण परिवीक्षा अवधि के दौरान नहीं किए जाएंगे।

# लीला रेजिडेंसी कॉलोनी में बिना पुलिस वेरिफिकेशन से रह रहे बाहरी लोगों

### देपालपुर थाने में लिखित शिकायत, शाम होते ही मल्टी में जुटती है अनजान चेहरों की भीड़

**निलेश चौहान (94250-77209)**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

इंदौर रोड स्थित 'लीला रेसीडेंसी' कॉलोनी में गरीबों के आवासों पर डाका डालने का मामला अब और गहरा गया है। 15 साल पुराने जर्जर हो चुके जी+2 (तीन मंजिला) ईडब्ल्यूएस भवनों को मोटी रकम में बेचने के आरोपों के बीच अब एक नया और गंभीर खुलासा हुआ है। कॉलोनाइजर द्वारा इन सरकारी आरक्षित मकानों में बिना किसी पुलिस वेरिफिकेशन के भारी संख्या में बाहरी किराएदारों को रखने का मामला सामने आया है, जिसके खिलाफ स्थानीय रहवासियों ने देपालपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर जांच की मांग की है।




"इनका कहना है की मेरे पास कॉलोनी के रहवासी शिकायत लेकर आए थे मेने कॉलोनाइजर को बुलाया था उन्होंने बताया की यह लोग भवन की रजिस्ट्रीया नहीं करवा रहे है दो साल हो गए है मेतो रजिस्टर करने को त्यार हु और रही बात मल्टी मे रहने वालो की तो कॉलोनी मे काम चल रहा है वहा करने वाले मजदूर वहा रह रहे है। - **प्रदीप कुमार सोनी**, एसडीएम, देपालपुर

**थाने पहुंचे रहवासी, सुरक्षा को लेकर जताई चिंता** - मल्टी के आसपास रहने वाले नागरिकों और पात्र हितग्राहियों ने बताया कि इस तीन मंजिला इमारत में वर्तमान में करीब 25 से 30 लोग रह रहे हैं, जिनके बारे में किसी को कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। ये लोग कौन हैं, कहां से आए हैं और इनका क्या बैकग्राउंड है, इसे लेकर पूरी कॉलोनी में डर का माहौल है। रहवासियों ने देपालपुर पुलिस को लिखित आवेदन देकर मांग की है कि मल्टी में रह रहे सभी अज्ञात लोगों का तुरंत पुलिस वेरिफिकेशन किया जाए और उनकी पहचान उजागर की जाए।

**कॉलोनाइजर के दावों की खुली पोल, शाम को दिखता है असली नजारा**- रहवासियों के अनुसार, जब इस अवैध किराएदारी पर सवाल उठाए गए, तो कॉलोनाइजर ने मामले को दबाने के लिए तर्क दिया कि कॉलोनी में विकास कार्य चल रहा है और ये उसी काम में लगे मजदूर हैं। लेकिन स्थानीय लोगों ने कॉलोनाइजर के इस दावे की हवा निकाल दी है। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी में बेहद छोटा-मोटा काम चल रहा है, जिसके लिए मात्र दो-तीन मजदूर लगे हैं और वे भी स्थानीय गौतमपुरा नाके के पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले हैं। हकीकत यह है कि इस मल्टी में रहने वाले 25-30 लोग पूरी तरह बाहरी हैं। इनमें से कुछ लोग पास की मैदा फैक्ट्री में काम करते हैं, तो कुछ अन्य जगहों पर मजदूरी करते हैं। इसका सबसे बड़ा सबूत खुद वहां का नजारा है; शाम होते ही जब फैक्ट्रियों और बाहर से काम कर के इन अज्ञात लोगों की भारी भीड़ मल्टी में लौटती है, तो कॉलोनाइजर के झूठ की पोल साफ पट्टी की तरह खुल जाती है।

## प्राकृतिक आपदा प्रभावित किसानों के बीच पहुंचे प्रभारी मंत्री सिलावट

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल संसाधन विभाग एवं बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों की पीड़ा को समझने और राहत कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए गुरूवार को बुरहानपुर जिले के ग्राम खामनी एवं टेम्भी पहुंचे। उन्होंने प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर फसल नुकसानी का अवलोकन किया तथा किसानों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं और चिंताओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। किसानों के बीच बैठकर प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के दुख-दर्द में सहभागी है और संकट के इस दौर में किसी भी प्रभावित किसान को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित प्रत्येक पात्र अन्नदाता को नियमानुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**4 दिवस के भीतर सर्वे पूर्ण करने के निर्देश**- ग्राम टेम्भी में कृषक श्री मधुकर पिता विश्वनाथ के खेत में पहुंचकर प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने केला फसल को हुए नुकसान का अवलोकन किया।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने एकलव्य आदर्श विद्यालय झिरन्या की अत्याधुनिक स्पेस लैब का किया लोकार्पण

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर संभाग के खरगोन जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या में स्थापित अत्याधुनिक स्पेस लैब का लोकार्पण 03 जून 2026 को भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम जनजातीय विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।

यह स्पेस लैब जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार तथा bharatpetroleum.com की सीएसआर पहल के अंतर्गत देश के 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में स्थापित की गई हैं, जिनमें मध्य प्रदेश के 10 विद्यालय शामिल हैं। खरगोन जिले में इस प्रकार की अत्याधुनिक स्पेस लैब की स्थापना को विद्यार्थियों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रेखा रानी चौहान ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यह स्पेस लैब जनजातीय विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान, रोबोटिक्स एवं आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगी, जिससे उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार की भावना विकसित होगी।

**जनजातीय विद्यार्थियों को मिलेगा अंतरिक्ष विज्ञान व आधुनिक तकनीक का व्यावहारिक ज्ञान**

----------------

**खरगोन जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि**

इस अवसर पर खरगोन कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनजातीय अंचल के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की आधुनिक वैज्ञानिक सुविधाएं उपलब्ध होना जिले के लिए गौरव का विषय है। यह पहल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी।

# बिजली संकट को लेकर फूटा जनआक्रोश..

### शनिवार को प्रदर्शन कर बिजली कंपनी को सौंपेंगे ज्ञापन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की मार और बार-बार केबल जलने की घटनाओं से त्रस्त रहवासियों का सब्र अब पूरी तरह टूट चुका है। भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली कंपनी के सिरपुर जोन की तानाशाही और लचर व्यवस्था के खिलाफ अब क्षेत्र की जनता ने आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। इसी सिलसिले में युवक कांग्रेस नेता सरफराज अंसारी, कांग्रेस नेता शादाब पटेल और बाँक पंचायत के उपसरपंच शहजाद बाबा के नेतृत्व में आगामी शनिवार को प्रभावित कॉलोनियों के सैकड़ों रहवासी एकत्रित होकर बिजली विभाग के खिलाफ बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे और आला अधिकारियों को एक उग्र ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, स्कीम 71, ग्रीन पार्क कॉलोनी, चंदन नगर, अंबर नगर और नूरानी नगर जैसे घनी आबादी वाले इलाकों में बिजली की व्यवस्था पिछले कुछ समय से पूरी तरह से चरमरा गई है। भयंकर गर्मी और उमस के बीच दिन और रात में किसी भी समय कई-कई घंटों के लिए अघोषित रूप से बत्ती गुल कर दी जाती है। बार-बार होने वाली इस कटौती का कोई निश्चित समय भी तय नहीं है, जिससे आम जनता, विशेषकर छोटे बच्चे, बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार लोग बेहद परेशान हो रहे हैं। इसके अलावा, जिस समय बिजली रहती भी है, उस दौरान लो-वोल्टेज की ऐसी गंभीर समस्या सामने आ रही है जिससे घरों के पंखे, कूलर और पानी भरने की मोटरें तक नहीं चल पा रही हैं।

## श्री कृष्णाश्रय महिला मंडल की 51 महिलाओं ने किया अधिक मास की चतुर्थी का सामूहिक उद्यापन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● एयरपोर्ट रोड स्थित आदिनाथ भवन में श्री कृष्णाश्रय सेवा महिला मंडल द्वारा अधिक मास की चतुर्थी पर सामूहिक उद्यापन का आयोजन किया। जिसमें 51 महिलाओं द्वारा व्रत का उद्यापन किया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने चंद्रमा का पूजन अर्चन किया।

मंडल की मंजुला शर्मा, वर्षा बंसल, ऋतु तिवारी ने बताया कि अधिक मास की चतुर्थी का व्रत करने वाली 51 महिलाओं ने चंद्रमा का पूजन अर्चन कर आरती की। सभी मातृ शक्तियों को पौधे रोपने और उनकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया, आयोजन में उद्यापन करने वाली महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। अतिथि पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर



रामगोपाल दास महाराज,अंजली संजय शुक्ला, विनितिका दीपू यादव,प्रमोद जोशी सम्मीलित हुई। आयोजन में डेढ़ हजार से अधिक मातृशक्ति शामिल हुई।

## ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियों का कृषि सचिव वरवड़े ने लिया जायजा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● 9 जून से प्रारंभ होने वाले अंतरराष्ट्रीय महत्व के ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न स्तरों पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश शासन के कृषि विभाग के सचिव निशांत वरवड़े गुरुवार को इंदौर पहुंचे और आयोजन से जुड़े विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान वरवड़े ने सम्मेलन से संबंधित तैयारियों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थलों पर अतिथियों के स्वागत, आवास, परिवहन, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा सभी व्यवस्थाएं समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एमडी मंडी कुमार पुरुषोत्तम, एमडी पर्यटन दिलीप यादव, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

**आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ**




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

## सम्पादकीय

### अग्निकांड: मौत के बाद जांच, जांच के बाद खामोशी, हादसे अचानक नहीं होते

राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं। किसी भी हादसे का सबसे जरूरी सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि आए दिन इमारतों में आग लगने और उसमें लोगों की जान जाने की घटनाओं से कोई सबक नहीं लेने की लापरवाही एक सामान्य चलन बन चुकी है। राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में गुरुवार को भीषण आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवस्थागत कमियों की कलई खोल दी है। आमतौर पर किसी भी अस्पताल में मरीज इस उम्मीद में इलाज कराने जाते हैं, ताकि उनकी जिंदगी बच सके। मगर जब वहां अति सुरक्षित माने जाने वाले कक्ष में ही उनकी जान पर बन आए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अस्पतालों में सुरक्षा नियमों की जिस तरह अनदेखी हो रही है, उससे स्पष्ट है कि चिकित्सा एक ऐसे व्यवसाय का रूप ले चुकी है, जहां शायद जिंदगी की कोई कीमत नहीं। पिछले कुछ वर्षों में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों में बार-बार गंभीर खामियां पाई गई हैं। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मुजफ्फरपुर में हुए हादसे ने साफ कर दिया है कि अस्पताल में किस हद तक घोर लापरवाही बरती जा रही थी। मामले की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का पांच सदस्यीय दल बनाया गया है। अब जांच की रिपोर्ट कब आएगी, उस पर क्या कार्रवाई होगी, यह आम लोगों को शायद ही पता चले। मगर इस घटना में मारे गए मरीज कभी घर नहीं लौटेंगे। बेहतर होता कि स्वास्थ्य विभाग संबंधित अस्पताल से तत्काल जवाब-तलब करता कि मरीजों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास की व्यवस्था के साथ अग्निरोधक उपाय उसने पहले क्यों नहीं किए। हैरत की बात है कि अस्पताल परिसरों में शॉर्ट सर्किट जैसी समस्या से निपटने को लेकर एहतियात बरतना और बुनियादी इंतजाम करना जरूरी नहीं समझा जाता है। जांच और राहत के आश्वासनों से इतर सवाल यह है कि इस तरह की व्यापक लापरवाही के लिए प्रशासन की अनदेखी की जवाबदेही कब तय की जाएगी!

आज 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस

# एक पेड़ लगाकर दिवस को सफल बनाना जरूरी ....



विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरणीय कार्रवाई के लिए सबसे प्रसिद्ध दिन है। यह सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। 1974 से यह हर साल 5 जून को मनाया जाता है। हम जो खाना खाते हैं, जो पानी पीते हैं, जिस हवा में हम सांस लेते हैं, और जो जलवायु हमारे ग्रह को रहने योग्य बनाती है, वह सब प्रकृति से आती है। विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण के लिए विश्वव्यापी जागरूकता और कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख माध्यम है। यह सतत विकास लक्ष्यों के पर्यावरणीय आयामों पर प्रगति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। इसके अलावा, यह 100 से अधिक देशों में लाखों लोगों द्वारा मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त, पृथ्वी और पर्यावरण के लिए उनकी देखभाल और समर्थन दिखाने के लिए इसे लोकप्रिय रूप से 'पीपुल्स डे' कहा जाता है। पर्यावरण की रक्षा के तरीकों को जानना महत्वपूर्ण है। मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के पहले दिन को चिह्नित करने के लिए 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस की स्थापना की गई थी। पहला विश्व पर्यावरण दिवस 1974 में 'केवल एक पृथ्वी' विषय के साथ आयोजित किया गया था। 1987 से, विश्व पर्यावरण दिवस के लिए विभिन्न गतिविधियों के केंद्र को घुमाने के विचार के साथ विभिन्न मेजबान देशों का चयन किया गया था।

विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र द्वारा पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर वैश्विक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से की गई थी। आज यह दुनिया के सबसे बड़े पर्यावरणीय अभियानों में से एक बन चुका है, जिसमें 150 से अधिक देशों के लोग भाग लेते हैं। हर साल एक नई थीम और मेजबान देश के साथ यह दिवस मनाया जाता है, ताकि किसी विशेष पर्यावरणीय समस्या पर वैश्विक ध्यान केंद्रित किया जा सके। साल 2026 में भी विश्व पर्यावरण दिवस एक महत्वपूर्ण संदेश के साथ मनाया जा रहा है। इस बार का फोकस प्लास्टिक प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या पर है, जो समुद्रों, नदियों, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य तक को प्रभावित कर रही है। आइए जानते हैं विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है, इसकी 2026 की थीम क्या है और इसका इतिहास क्या कहता है।धरती बहस नहीं करती, समझौता नहीं करती। वह संकेत भेजती है—बढ़ता समुद्र स्तर, भयंकर जंगल की आग, लू, पिघलते ग्लेशियर। हमने कहा था कि 1।5 डिग्री सेल्सियस सीमा है। हम इसे पार कर रहे हैं।दशकों से दुनिया जलवायु परिवर्तन की कहानी सुनती आ रही है—चेतावनी, लक्ष्य, दूर की समय सीमाएँ। लेकिन अक्सर, प्रतिक्रिया शोरगुल से घिरी रही है: देरी, ध्यान भटकाना, इनकार करना। लेकिन अब ध्यान से सुनिए। शोरगुल के बीच एक और संकेत उभर रहा है। छतों पर सौर पैनल लगे हैं। क्षितिज पर पवन टरबाइन दिखाई दे रहे हैं। शहरों को लोगों के लिए नया रूप दिया जा रहा है। जंगलों को फिर से लगाया जा रहा है। धरती के हर कोने में सकारात्मक बदलाव के संकेत पनप रहे हैं।विश्व पर्यावरण दिवस 2026 जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित है—पृथ्वी द्वारा भेजे जा रहे गंभीर संकेतों और हमारे द्वारा बदले में भेजे जाने वाले संकेतों पर। यूएनईपी का वैश्विक अभियान हम सभी से आगे बढ़कर, इस परिवर्तन की दिशा में और अधिक प्रयास करने का आह्वान करता है। प्रश्न अब यह नहीं है कि परिवर्तन आएगा या नहीं, बल्कि यह है कि हम इसे कैसे निर्देशित करते हैं और यह कितनी तेजी से होता है।

इस वर्ष 5 जून 2026 को, अजरबैजान गणराज्य बाकू में विश्व पर्यावरण दिवस के वैश्विक समारोह की मेजबानी कर रहा है ।ऐतिहासिक सिल्क रोड पर पूर्व और पश्चिम के चौराहे पर स्थित, अज़रबैजान उल्लेखनीय प्राकृतिक विविधता की भूमि है। इसका भूभाग दो प्रमुख जलवायु क्षेत्रों – उपोष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण – में फैला हुआ है और इसमें उपोष्णकटिबंधीय जंगलों से लेकर अल्पाइन पारिस्थितिकी तंत्र तक 8 अलग-अलग प्रकार की जलवायु शामिल हैं , जो समृद्ध जैव विविधता का निर्माण करती हैं। अज़रबैजान हरित विकास और नवीकरणीय ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा दे रहा है । पेरिस समझौते के सदस्य के रूप में, इसने 2035 तक उत्सर्जन को 40% तक कम करने की प्रतिबद्धता जताई है (1990 के स्तर से)। इसका लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा को 30% तक बढ़ाना भी है । 230 मेगावाट का गरादाघ सौर संयंत्र और 240 मेगावाट का खिज़ी-अबशेरोन पवन ऊर्जा संयंत्र सहित कई बड़े पैमाने की परियोजनाएं चल रही हैं, साथ ही 1 गीगावाट से अधिक क्षमता वाली अतिरिक्त परियोजनाएं विकास के चरण में हैं।

बाकू में आधुनिक कम और शून्य उत्सर्जन वाली बसों , इलेक्ट्रिक वाहनों के बुनियादी ढांचे और स्मार्ट सिटी समाधानों के साथ शहरी स्थिरता को बढ़ावा मिल रहा है । गरबाग और पूर्वी ज़ंगेज़ूर क्षेत्रों को नवीकरणीय ऊर्जा, पारिस्थितिकी तंत्र बहाली और संघर्ष के बाद के विकास को मिलाकर 'शून्य उत्सर्जन' क्षेत्रों में परिवर्तित किया जा रहा है। आधुनिक जल प्रबंधन और जलवायु-अनुकूल कृषि सूखाग्रस्त क्षेत्रों में अनुकूलन को और मजबूत कर रहे हैं। अज़रबैजान ने 2019 से पर्यावरण पर प्लास्टिक पैकेजिंग कचरे के नकारात्मक प्रभाव को कम करने पर केंद्रित अपनी पर्यावरण नीति को आगे बढ़ाया है और इसके लिए कार्य योजना को अपनाया है। नए विधायी सुधारों के माध्यम से इसने 15 माइक्रोन तक की मोटाई वाले एकल-उपयोग प्लास्टिक और पॉलीथीन बैग के आयात, उत्पादन, साथ ही व्यापार, सार्वजनिक खानपान और अन्य सेवा सुविधाओं में उपभोक्ताओं को बिक्री या आपूर्ति पर प्रतिबंध लगा दिया है।

संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के मेजबान के रूप में , अजरबैजान ने वैश्विक जलवायु एजेंडा को आगे बढ़ाया, जलवायु वित्त और कार्बन बाजारों पर ऐतिहासिक निर्णय हासिल किए, साथ ही जलवायु कार्रवाई को जैव विविधता, ऊर्जा संक्रमण, जल, कृषि और सामाजिक प्रभाव से जोड़ने वाली पहल शुरू की।इसी गति को आगे बढ़ाते हुए, अज़रबैजान का विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के लिए राष्ट्रीय अभियान जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी तंत्र के क्षरण के वैश्विक संकटों और लोगों तथा प्रकृति पर उनके परस्पर जुड़े प्रभावों पर प्रकाश डालता है। 'प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए' विषय के अंतर्गत, ये पहलें इस बात पर बल देती हैं कि प्रकृति वैकल्पिक नहीं है—यह जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता और हमारे सामूहिक भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, अज़रबैजान इस वर्ष आयोजित होने वाले कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के माध्यम से वैश्विक पर्यावरण और जलवायु एजेंडा में अपना योगदान और भी बढ़ाएगा। इनमें संयुक्त राष्ट्र-आवास के साथ साझेदारी में मई में आयोजित होने वाला विश्व शहरी मंच का 13 वां सत्र ; जुलाई में शमाखी में संयुक्त राष्ट्र वित्तीय परिषद प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों की तीसरी अनौपचारिक बैठक; और संयुक्त राष्ट्र वित्तीय परिषद का बाकू जलवायु कार्रवाई सप्ताह शामिल हैं । गौरतलब है कि इस साल विश्व पर्यावरण दिवस थोड़ा अलग होने वाला है क्योंकि हम 5 जून को चंद्र ग्रहण भी देखेंगे। चंद्र ग्रहण, विश्व पर्यावरण दिवस, और शुक्रवार, सभी 5 जून को एक साथ पड़ रहे हैं, इसे ज्योतिषीय रूप से एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटना बनाते हैं। ऐसा माना जाता है कि ग्रहण अपने साथ किसी न किसी तरह की नकारात्मक ऊर्जा लेकर आता है। आपकी जन्म कुंडली में कौन सा घर सक्रिय है, इसके आधार पर चंद्र ग्रहण का अलग-अलग चंद्र राशियों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है। लेकिन, आप अपनी चंद्र राशि के आधार पर एक पेड़ लगाकर ग्रहण के दुष्प्रभावों को नकार सकते हैं। साथ ही, यह ग्रहों के दुष्प्रभाव को कम करने और स्वास्थ्य, धन और समृद्धि प्राप्त करने के लिए भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने में मदद करता है। अथर्ववेद में पृथ्वी को माता माना गया है और मनुष्य उसके पुत्रों का प्रतीक है। इतना ही नहीं वेदों में पेड़-पौधों का महत्व भी बताया गया है। पेड़ हमें प्राण वायु प्रदान करते हैं और पृथ्वी और आकाश के बीच सामंजस्य बनाए रखते हैं। वैदिक ज्योतिष के अनुसार एक व्यक्ति को पेड़ लगाने से बीमारियों, शारीरिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। शायद यही एक कारण है कि हमारे पूर्वज वृक्षों की पूजा करते हैं। टीबीएच, विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ लगाकर न केवल हमारी धरती मां का पोषण करेगा बल्कि आपको ग्रहों के नकारात्मक प्रभाव से भी बचाएगा। इसके अलावा, यह आपको ग्रहों के दोषों से छुटकारा पाने में मदद करता है और चंद्र ग्रहण पर दूसरों को पौधे के बीज लगाकर या यहां तक कि जीवन के कई पहलुओं में सुधार कर सकता है। अपनी राशि के अनुसार भाग्यशाली पौधों और पेड़ों के बारे में जानने के लिए हमारे विशेषज्ञ ज्योतिषियों से सलाह लें! आइए एक साथ मिलें और इस विश्व पर्यावरण दिवस को मनाएं। यह हमारी जीवन शैली को नियंत्रित करने और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, अधिक पेड़ उगाने और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग करके पर्यावरण को बचाने में योगदान करने का समय है। समारोहों का हिस्सा बनें और दुनिया को स्वच्छ, हरा-भरा और उज्जवल बनाएं।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार,
लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### 2 साल से फरार 10 हजार के दो इनामी गिरफ्तार, नौगांव पुलिस ने घेराबंदी कर भेजा जेल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● जिले की नौगांव पुलिस ने दो इनामी स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी पिछले दो साल से पुलिस और न्यायालय की कार्रवाई से बचते हुए फरार चल रहे थे। इन पर कुल 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर इन्हें पकड़ा। जानकारी के अनुसार, धार पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देश पर जिलेभर में फरार स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत नौगांव थाना प्रभारी हिरूसिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आरोपी थाना नौगांव में दर्ज अपराध क्रमांक 21/2024 में धारा 365, 366, 368, 342, 506 एवं 120-बी के तहत वांछित थे। आरोपियों की पहचान संतोष उर्फ गोलू पिता शंकर बामनिया (25) और उमंग उर्फ उमनसिंह पिता केनसिंह चौहान (26) निवासी ग्राम कनेरी, चौकी डेहरी, थाना बाग के रूप में हुई है। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों की घेराबंदी की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### अस्पताल में 108 एंबुलेंस सेवा फिर बंद, 14 दिन में खराब हो गया वाहन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**धार** ● बाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एंबुलेंस सेवा एक बार फिर बंद हो गई है। शिकायतों के बाद 16 मई को यह सेवा बहाल की गई थी, लेकिन मात्र 14 दिनों बाद ही एंबुलेंस खराब हो गई। 30 मई से वाहन राजगढ़ वर्कशॉप में खड़ा है, जिससे रेफर किए गए मरीजों को परेशानी हो रही है। गुरुवार को ग्राम खेरवा की एक गर्भवती महिला शीतल रावत को बड़वानी अस्पताल रेफर किया गया। उनके पति आकाश रावत ने बताया कि सुबह 11 बजे से एंबुलेंस के लिए फोन किया गया, तो पता चला कि बाग की एंबुलेंस सेवा बंद है। दो घंटे बाद निसरपुर से एंबुलेंस बुलाई गई, जिसके बाद महिला को बड़वानी ले जाया जा सका। इसी तरह, ग्राम डोई की एक अन्य गर्भवती महिला को निजी वाहन से भेजना पड़ा। ग्रामीणों में एंबुलेंस सेवा बंद होने को लेकर रोष है। आरोप है कि अनुबंध कंपनी जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज भोपाल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अनुपयुक्त और निम्न गुणवत्ता वाले वाहन उपलब्ध कराए जाते हैं, जो बार-बार खराब हो जाते हैं। कंपनी ने बाग अस्पताल को बेसिक लाइफ सपोर्ट वाहन दिया था, लेकिन कथित तौर पर घटिया वाहन के कारण पहले भी यह सेवा 50 दिनों तक बाधित रही थी। शिकायतों और खबरों के प्रकाशन के बाद सेवा बहाल हुई थी, लेकिन एक पखवाड़े के भीतर ही वाहन फिर से वर्कशॉप पहुंच गया।

### 12 जून को मांडू पहुंचेगा ब्रिक्स देशों का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर ने समीक्षा कर अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**दैनिक इंदौर संकेत**



**मांडू** ● 12 जून को ब्रिक्स देशों के कृषि और खाद्य से संबंधित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का प्रतिनिधिमंडल पहुंचेगा। इस प्रस्तावित भ्रमण को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज गुरुवार को धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना और पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ जहाज महल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अंतर्राष्ट्रीय आयोजन के तहत, यह प्रतिनिधिमंडल मांडू के ऐतिहासिक जहाज महल का भ्रमण करेगा। उनके लिए लाइट एंड साउंड शो, रात्रि भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर मीना ने जहाज महल में संबंधित अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी सहित सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के आगमन को देखते हुए, कलेक्टर मीना ने वीआईपी प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी के विस्तृत आदेश जारी किए हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धार, अभिषेक चौधरी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार, विजय डावर को इस पूरे भ्रमण कार्यक्रम का मुख्य प्रभारी बनाया गया है।

ये प्रभारी अधिकारी कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, धार जिले की सीमा में प्रवेश करने वाली बसों की पायलेटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेयजल और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि ड्यूटी पर तैनात सभी दंडाधिकारी और अधिकारी अपने सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा और व्यवस्थित तरीके से निर्वहन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। धार कलेक्टर ने बताया कि 12 जून को ब्रिक्स देशों के कृषि एवं खाद्य क्षेत्र से जुड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने इंदौर पहुंच रहे प्रतिनिधियों का मांडू भ्रमण प्रस्तावित है। इसे लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

इस दौरान ब्रिक्स सदस्य देशों सहित 21 देशों के कृषि मंत्री, कृषि वैज्ञानिक और करीब 400 प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के बीच टिकाऊ कृषि, डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और किसान कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### नानाजी देशमुख की स्मृति में 51 हजार तुलसी पौधे बंटेंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**



**धार** ● धार जिले के आदर्श ग्राम सिरसोदा में राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में पांच दिवसीय 'ग्राम दर्शन-राम दर्शन' आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 8 से 12 जून तक चलेगा। इसकी जानकारी धार में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चतुर्भुज श्रीराम मंदिर मांडव के महंत महामंडलेश्वर नरसिंह दास महाराज और राजवाड़ा चौक सेवा समिति के अध्यक्ष नवनीत जैन ने दी। महामंडलेश्वर नरसिंह दास जी महाराज ने बताया कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन समय की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि तुलसी भारतीय जीवन शैली और स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। तुलसी रोपण और रामायण पाठ के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है। नवनीत जैन ने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'पंच परिवर्तन' के संकल्पों को गांव-गांव तक पहुंचाना बताया।

### नर्मदा में डूबने से 6 लोगों को बचाया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी में डूबने की दो अलग-अलग घटनाओं में नाविक संघ की तत्परता से छह लोगों की जान बचा ली गई। पहली घटना गोमुख घाट क्षेत्र की है, जहां स्नान करते समय एक 5 वर्षीय बालक अचानक गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख उसकी मां और दादी बचाने के लिए पानी में उतरीं, लेकिन वे भी गहराई में फंस गईं। इस दौरान उन्हें बचाने के प्रयास में एक अन्य पुरुष भी नदी में चला गया, जिससे चार लोग डूबने की स्थिति में आ गए। मौके पर मौजूद नाविक संघ के सदस्यों ने तुरंत नदी में छलांग लगाकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। दूसरी घटना में खंडवा निवासी 15 वर्षीय टीना स्नान करते समय गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। उसके साथ मौजूद महिलाओं की पुकार सुनकर नाविकों ने तत्काल बचाव अभियान चलाया और किशोरी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

### अवैध खनन केस, बकाया 63 लाख पर कलेक्टर को चैलेंज, 10 लाख देकर ठेकेदार ने छुड़वाई थी मशीनें

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● अवैध खनन मामले से जुड़े एक प्रकरण में हाईवे ठेकेदार ने कलेक्टर को चैलेंज कर दिया हैं। 63 लाख रूपए की बकाया पेनल्टी के मामले में ठेकेदार मुकर गया हैं। उसने अब कलेक्टर के आदेश को चुनौती दे दी हैं। कुल 73 लाख रूपए के जुर्माना प्रकरण में वह पहले 10 लाख रूपए जमा कर खनन मशीनें छुड़वा चुका है। उस समय बकाया पेनल्टी के लिए एक महीने की मोहलत मांगी थी। अब 5 महीने बीतने के बाद भी ठेकेदार ने पेनल्टी भरने की सुध नहीं ली। मामला निर्माणाधीन ओंकारेश्वर-मोरटक्का फोरलेन हाईवे का है। निर्माण कंपनी के द्वारा मुरूम के अवैध खनन की शिकायतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की थी। 12 दिसंबर 2025 को हाईवे ठेकेदार की एक पोकलेन मशीन और दो डंपरों को जब्ती में लिया गया था। इन मशीनों के जरिए मोरटक्का के पास बिना अनुमति के अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। खनिज इंस्पेक्टर कंचन दांडेकर ने वाहनों को मांधाता थाने पर खड़ा कराकर प्रकरण बनाया और कलेक्टर के समक्ष पेश कर दिया। कलेक्टर कोर्ट ने इस केस में जुर्माना तय कर दिया। मामले में खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता की कोर्ट ने दिसंबर 2025 में आदेश जारी कर अवैध खनन में शामिल पोकलेन और डंपर वाहनों के मालिकों पर जुर्माना अधिरोपित किया। रॉयल्टी और पर्यावरण क्षति का हर्जाना मिलाकर कुल 73 लाख रूपए वसूलने के आदेश दिए। इसके बाद वाहन मालिकों के मार्फत ठेकेदार ने 10 फीसदी हिस्से के रूप में 10 लाख रूपए जमा कराएं और वाहन छुड़वा लिए। वाहनों की सुपुर्दगी देने के मामले में कलेक्टर ने स्पष्ट लिखा था कि तय समय में बकाया राशि जमा करा दें, अन्यथा वाहन जब्त किए जाएंगे।

### कांग्रेस का महिला आरक्षण लागू करने पर फोकस:खरगोन में प्रदेश उपाध्यक्ष बोले- आज महिला और बेटियां सबसे ज्यादा असुरक्षित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● खरगोन में गुरुवार को महिला कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष और जिला प्रभारी शांति बालेश्वर ने महिला आरक्षण कानून को तत्काल लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 2023 में राज्यसभा और लोकसभा में यह कानून सर्वसम्मति से पारित हुआ था, और सरकार को इसे बिना देरी के लागू करना चाहिए। बालेश्वर ने कार्यकर्ताओं से सक्रिय रहने का आह्वान करते हुए कहा कि कुछ करेंगे तो पाएंगे भी। उन्होंने परिसीमन बिल का बहाना बनाने को सरासर अन्याय बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष रवि जोशी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज महिलाएं और बेटियां सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। उन्होंने प्रदेश में महिला अत्याचार, व्यभिचार और प्रताड़ना के बढ़ते मामलों को चिंताजनक बताया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अहिल्या भालेराव ने बताया कि बैठक में महिला आरक्षण की मांग के साथ-साथ संगठन सृजन पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जिला महिला कांग्रेस के गठन से सक्रिय कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेगा।

# सिंधु इंडोनेशिया ओपन से बाहर हुई



**जकार्ता (एजेंसी) •** पीवी सिंधु जकार्ता में खेले जा रहे इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के राउंड ऑफ-16 से बाहर हो गईं। उन्हें गुरुवार को वर्ल्ड की नंबर-1 और ओलंपिक चैंपियन एन से यंग ने 21-17, 21-14 से हराकर बाहर कर दिया। यंग ने सिंधु को लगातार 10वें मैच में हराया है। साउथ कोरिया की यंग ने सिंधु को पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। लगातार दूसरी हार के साथ साउथ कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ सिंधु का रिकॉर्ड और खराब हो गया। सिंधु अब तक एन से यंग को एक भी बार नहीं हरा सकी हैं। पहला गेम में सिंधु ने एन से यंग कड़ी चुनौती दी। एक समय स्कोर 10-10 से बराबर था और भारतीय खिलाड़ी 15-14 से आगे भी निकल गई थीं। लेकिन इसके बाद एन से यंग ने लगातार अंक बटोरते हुए बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने 41 शॉट्स की लंबी रैली जीतने के बाद पहला गेम 21-17 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में साउथ कोरियाई खिलाड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। उन्होंने 13-6 की बढ़त हासिल की और सिंधु की वापसी की कोशिशों को नाकाम करते हुए 21-14 से गेम और मैच को अपने नाम कर लिया। शानदार कोर्ट कवरेज से जीतीं यंग एन से यंग की शानदार कोर्ट कवरेज और लगातार दबाव बनाने की क्षमता मुकाबले का निर्णायक पहलू साबित हुई। जीत के साथ वह क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं, जबकि सिंधु को एक बार फिर प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर होना पड़ा।

## सूर्यकुमार की जगह पर भारतीय टी20 टीम के नये कप्तान बन सकते हैं श्रेयस

**मुंबई (एजेंसी) •** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भारतीय टी20 क्रिकेट टीम का नया कप्तान बनाया जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई), श्रेयस अय्यर को भारत का अगला टी20 कप्तान नियुक्त जबकि तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाना चाहता है। इससे साफ है कि कप्तान के तौर पर सूर्यकुमार यादव का कार्यकाल समाप्त हो गया है। सूर्या का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है। उन्हें कप्तानी से तो हटाया ही जा रहा है, साथ ही खराब फॉर्म के चलते आगामी टी20 सीरीज से टीम से भी बाहर किया जा सकता है। वहीं उप-कप्तान की जिम्मेदारी भी अक्षर पटेल से लेकर युवा तिलक वर्मा को सौंपी जाएगी।

माना जा रहा है कि बीसीसीआई की चयनसमिति अब बदलाव के लिए तैयार हो गयी है। बीसीसीआई की ऑनलाइन एपेक्स काउंसिल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी मिल सकती है। एपेक्स कमेटी मुख्य चयनकर्ता को सूचित करेगी कि अगली बैठक में सूर्यकुमार कप्तान के तौर पर शामिल रहेंगे या नहीं। उनकी जगह अय्यर यह भूमिका निभाएंगे। सूर्यकुमार को हटाने और श्रेयस को नया कप्तान बनाने को लेकर सहमति बन चुकी है। हालांकि, शुरुआत में मुख्य कोच गौतम गंभीर संजू सैमसन को कप्तान बनाना चाहते थे पर बीसीसीआई और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने श्रेयस अय्यर के नाम पर ही सहमति जताई।

## क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट से वापसी कर रही सेरेना



**न्यूजर्सी (एजेंसी) •** अमेरिकी महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स एक बार फिर टेनिस कोर्ट में वापसी करने जा रही हैं। सेरेन ने अपनी अंतिम टूर्नामेंट चार साल पहले 2022 में खेला था यूएस ओपन 2022 में अपना आखिरी पेशेवर एकल मैच खेलने के बाद से ही सेरेना खेल से दूर हैं हालांकि उन्होंने अधिकारिक रुप से संन्यास की घोषणा नहीं की थी और कहा था कि वह बेहतर होने के लिए खेल से दूर हुई है। वहीं अब सेरेना ने 8 जून से लंदन में होने वाले क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट में खेलने की घोषणा की है। ये विंबलडन के लिए अभ्यास टूर्नामेंट माना जाता है। सेरेना की वापसी की घोषणा के बाद से ही उनके प्रशंसकों में खुशी की लहर है। सेरेना के नाम ओपन युग में महिला एकल में रिकॉर्ड 23 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। सेरेने ने अमेरिकी ओपन 2022 को अपना अंतिम टूर्नामेंट बताया था, यह कहते हुए कि वह खेल से दूर एक नए अध्याय की शुरुआत करना चाहती हैं। हालांकि, उन्होंने संन्यास की घोषणा नहीं की थी जिससे उनकी वापसी की अटकलें हमेशा बनी रहीं। सेरेना अमेरिकी ओपन में तब तीसरे दौर में हार गई थीं हालांकि अब वह एक बार फिर कोर्ट पर वापसी के लिए तैयार हैं जो उनके भविष्य को लेकर जारी अटकलों पर विराम लग गया है। क्वींस क्लब में अपनी वापसी की घोषणा करते हुए, विलियम्स ने कहा, क्वींस क्लब इस नए अध्याय की शुरुआत के लिए एकदम सही जगह लगती है। घास के कोर्ट ने मुझे मेरे करियर के कुछ सबसे यादगार पल दिए हैं, और मैं खेल के सबसे प्रतिष्ठित मंचों में से एक पर वापस प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्साहित हूं। क्वींस क्लब नामी ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट है जो 8 से 21 जून तक चलेगा। इससे उन्हें 29 जून से शुरू होने वाले विंबलडन के लिए लय हासिल करने का अवसर मिलेगा। यह संभावना है कि सेरेना को टूर्नामेंट में एकल या युगल दोनों के लिए वाइल्ड-कार्ड से प्रवेश मिल सकता है।

# हर समस्या का समाधान अधिक वर्कआउट नहीं होता : तापसी पन्नू



**मुंबई (एजेंसी) •** सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने सुंदरता के तय मानकों को और अधिक कठोर बना दिया है। विशेषकर महिलाओं के बीच फ्लैट पेट और जीरो फिगर हासिल करने की चाहत तेजी से बढ़ी है। अभिनेत्री तापसी पन्नू ने इस विषय पर खुलकर अपनी राय रखी है और महिलाओं से अपने शरीर को स्वीकार करने की अपील की है।

तापसी पन्नू ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक संदेश में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह भी पूरी तरह सपाट पेट पाने की इच्छा रखती थीं। उन्होंने कहा कि बचपन से ही वह फिट रही हैं और नियमित रूप से व्यायाम करती रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उनके पेट के निचले हिस्से में थोड़ा फैट बना रहता था। उस समय उन्हें समझ नहीं आता था कि लगातार मेहनत करने के बावजूद यह हिस्सा वैसा क्यों नहीं दिखता जैसा वह चाहती थीं। इसी वजह से उन्होंने जरूरत से अधिक व्यायाम करना शुरू कर दिया था।

## किरदार के लिए बैंक के किसी भी अधिकारी से नहीं मिला : मनोज बाजपेयी



**मुंबई (एजेंसी) •** अपनी आगामी फिल्म 'गवर्नर' को लेकर अभिनेता मनोज बाजपेयी चर्चा में हैं। फिल्म गवर्नर भारत के आर्थिक इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर पर आधारित है। यह फिल्म पूर्व आरबीआई गवर्नर एस. वेंकिटरमणन के जीवन तथा उनके योगदान को पर्दे पर प्रस्तुत करती है। मनोज बाजपेयी की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह 1990 के दशक की शुरुआत में देश गंभीर आर्थिक संकट और वित्तीय चुनौतियों से जूझ रहा था और उस दौर में लिए गए अहम फैसलों ने भारत को मुश्किल हालात से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने रोल के बारे में मनोज बाजपेयी ने बताया कि इस किरदार की तैयारी के लिए उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के किसी अधिकारी या गवर्नर से मुलाकात नहीं की। उनका कहना था कि आरबीआई देश की सबसे महत्वपूर्ण संस्थाओं में से एक है, जहां कामकाज बेहद गोपनीयता और कड़े नियमों के तहत संचालित होता है। ऐसे में वहां तक पहुंच बनाना या अधिकारियों से सीधे संवाद करना आसान नहीं होता। मनोज ने कहा कि वह कभी आरबीआई भवन के भीतर नहीं गए और न ही किसी वर्तमान या पूर्व गवर्नर से मिले। उनके अनुसार यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि ऐसे पदों पर कार्यरत लोग अत्यंत संवेदनशील जिम्मेदारियां निभाते हैं। उन्होंने बताया कि संस्था के अंदर सामान्य लोगों की पहुंच सीमित होती है और वहां फोटोग्राफी जैसी गतिविधियों पर भी कड़े प्रतिबंध लागू रहते हैं। अभिनेता ने बताया कि किरदार को समझने और उसके साथ न्याय करने के लिए उन्होंने उस समय उपलब्ध दस्तावेजों, लेखों और अन्य संदर्भ सामग्रियों का सहारा लिया।

# उज्जैन संभाग

## कांग्रेस का प्रशिक्षण वर्ग का पहला दिन, जीतू पटवारी बोले-उनकी हर गाली फूल बनकर आएगी



दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन •** देवास रोड स्थित दताना के एक रिसोर्ट में गुरुवार से जिला कांग्रेस कमेटी का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। शिविर के पहले दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी सहित एआईसीसी के कई पदाधिकारी शामिल हुए। उद्घाटन सत्र के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा और सिंहस्थ के कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

कांग्रेस द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में करीब 275 ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, कांग्रेस पदाधिकारी और विधायक महेश परमार नेता प्रतिपक्ष रवि राय, मुकेश भाटी और कार्यकर्ता शामिल हुए। दो दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका और पार्टी लाइन पर एकजुट होकर काम करने को लेकर चर्चा की गई।

जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस प्रदेशभर में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर रही है, जो अगले तीन-चार महीने तक जारी रहेंगे। इन शिविरों के जरिए कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने, जनता के मुद्दों पर सक्रिय रहने और पार्टी विचारधारा को बूथ स्तर तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मीडिया से चर्चा के दौरान पटवारी ने सिंहस्थ के कार्यों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ से जुड़े टेंडरों में बड़े स्तर पर घपले हो रहे हैं और कांग्रेस इन सभी मामलों पर नजर रखे हुए है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इन कार्यों का 'पोस्टमार्टम' करेगी और पूरे मामले को जनता के सामने लाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वल्लभ भवन भ्रष्टाचार और ट्रांसफर उद्योग का केंद्र बन चुका है।

पटवारी ने केंद्र सरकार पर भी हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कई परीक्षाएं रद्द हुई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जल्द ही भ्रष्टाचार को लेकर श्वेत पत्र जारी करेगी। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ जारी जुबानी हमलों को लेकर पूछे गए सवाल पर पटवारी ने कहा कि 'वे मुझे गालियां देते रहें, उनकी हर गाली मेरे लिए फूल की तरह है। हम हर सवाल का जवाब प्यार, ईमानदारी और जनता के हित में देते रहेंगे।'

# बदनावर में 15 करोड़ के आईटीआई कॉलेज का भूमिपूजन, 6 ट्रेड वर्कशॉप बनाए जाएंगे

दैनिक इंदौर संकेत

**बदनावर •** बदनावर में 15 करोड़ की लागत से बनने वाले आईटीआई कॉलेज भवन का भूमिपूजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम तिलगारा में गुरुवार को पूर्व विधायक स्वर्गीय प्रेमसिंह दत्तीगांव की जयंती के अवसर पर रखा गया। तिलगारा आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य सुमित ग्वाला ने बताया कि वर्तमान में सिर्फ सरकारी स्कूल भवन में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड का एक वर्कशॉप चल रहा है। नया भवन बनने के बाद छात्रों को कई आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। नए भवन में इलेक्ट्रिशियन, फैशन डिजाइनिंग, मशीनरी सहित कुल छह ट्रेड वर्कशॉप बनाए जाएंगे, जहां आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध होंगे। छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए रहने और भोजन की व्यवस्था के साथ 30-30 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन का निर्माण होगा। परिसर में स्टाफ के लिए एक एफ-टाइप, दो एच-टाइप और चार आई-टाइप सहित कुल सात आवासीय क्वार्टर भी बनाए जाएंगे। इसके साथ ही, कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तिलगारा के करीब 82 लाख रुपए की लागत वाले अन्य विभिन्न विकास कार्यों का भी भूमिपूजन किया गया और



इ स
मौके पर पौधारोपण भी किया गया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि बदनावर क्षेत्र विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने पीएम मित्रा पार्क को क्षेत्र की आर्थिक स्थिति बदलने वाला एक महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए कहा कि यह पार्क युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा आधार बनेगा। इससे हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जिससे स्थानीय युवाओं का पलायन रुकेगा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने कार्यक्रम के दौरान बदनावर क्षेत्र को रेल सुविधा से जोड़ने की मांग को प्रमुखता से दोहराया। उन्होंने कहा कि कृषि, व्यापार और उद्योग के लिहाज से महत्वपूर्ण होने के बाद भी बदनावर अब तक रेल संपर्क से नहीं जुड़ पाया है। रेल परियोजना शुरू होने से किसानों, व्यापारियों, छात्रों और लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने तिलगारा में बनने वाले आईटीआई कॉलेज को युवाओं की तकनीकी शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए जरूरी बताया।

भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने स्वर्गीय प्रेमसिंह दत्तीगांव को क्षेत्र का सच्चा सेवक और विकास पुरुष बताते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जनहित में किए गए उनके कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा, पूर्व राज्यमंत्री महेंद्रसिंह पिपलीपाड़ा, भाजपा नेता मोहनसिंह चौहान और नाथूलाल ढोल सहित अन्य व्यक्तियों ने भी संबोधित किया।

## ईरान के हमले में उज्जैन के अहमद की मौत, कुवैत में फ्लाइट का इंतजार करते वक्त ड्रोन अटैक

दैनिक इंदौर संकेत

**उज्जैन •** ईरान के हमले में कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जान गंवाने वाले भारतीय नागरिक की पहचान उज्जैन निवासी मंजूर अहमद (50) के रूप में हुई है। बुधवार सुबह कुवैत एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमले में मंजूर अहमद की मौत हो गई, जबकि 63 अन्य लोग घायल हुए हैं। हमले में टर्मिनल-1 को भारी नुकसान पहुंचा है। मंजूर अहमद की मौत की खबर मिलते ही उज्जैन की राज रॉयल कॉलोनी स्थित उनके घर पर रिश्तेदारों और परिचितों का पहुंचना शुरू हो गया। परिवार में शोक का माहौल है। मंजूर अहमद के बेटे मोहम्मद अनस ने बताया कि उनके पिता 8 जून को रतलाम में होने वाली अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए भारत आ रहे थे। मंगलवार शाम को उनकी आखिरी बार फोन पर बात हुई थी। उन्होंने बताया था कि वे कुवैत से मुंबई पहुंचेंगे। इसके बाद ट्रेन से नागदा आएंगे, जहां से परिवार उन्हें लेने जाने वाला था।

अनस ने कहा कि उनके पिता पिछले करीब 30 सालों से कुवैत में रहकर परिवार के लिए मेहनत कर रहे थे। वे आखिरी बार अक्टूबर 2025 में घर आए थे। उस समय उन्होंने परिवार से कहा था कि अब जल्दी-जल्दी घर आया करेंगे। परिजन के अनुसार मंजूर अहमद की 3 जून को कुवैत से मुंबई की फ्लाइट थी। उन्हें 4 जून की सुबह उज्जैन पहुंचना था। वे फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर मौजूद थे, तभी ड्रोन और मिसाइल हमला हुआ। हमले में एयरपोर्ट के यात्री टर्मिनल को भारी नुकसान पहुंचा। मंजूर अहमद की मौके पर ही मौत हो गई।

## डीआईजी ने सिंहस्थ ड्यूटी को महाकाल की सेवा बताया देवास में 62 पुलिसकर्मियों को भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण

दैनिक इंदौर संकेत

**देवास •** सिंहस्थ की तैयारियों के मद्देनजर देवास में गुरुवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में हुए इस सत्र में उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन ने जवानों को संबोधित किया। उन्होंने सिंहस्थ ड्यूटी के महत्व और पुलिस के व्यवहार की भूमिका पर जोर दिया। डीआईजी भसीन ने कहा कि सिंहस्थ में ड्यूटी करना केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि महाकाल की सेवा का अवसर है, जो हर किसी को नहीं मिलता। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे कोई पुलिसकर्मी उज्जैन के घाटों पर तैनात हो या देवास की सीमा पर, सभी की जिम्मेदारी समान है। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ के दौरान देवास मार्ग से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुजरेंगे, जिससे यह केवल उज्जैन ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी बन जाती है। भसीन ने पुलिसकर्मियों के व्यवहार को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं से विनम्रता और संवेदनशीलता के साथ पेश आएं, ताकि वे यहां से अच्छी यादें और पुलिस के प्रति सम्मान लेकर जाएं। डीआईजी ने कहा कि पुलिस का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि लोग जाते समय उनके लिए दुआएं दें।



डीआईजी ने आगे कहा कि सिंहस्थ दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है, जहां करोड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पुलिस बल के प्रशिक्षित, अनुशासित और हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया और परिवीक्षाधीन आईपीएस आलोक वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में जिला पुलिस, होमगार्ड, विशेष सशस्त्र बल और विशेष शाखा के कुल 62 अधिकारी-कर्मचारी भाग ले रहे हैं। उन्हें भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# अपार्टमेंट के शोरूम में आग

## छह परिवार फंसे, पड़ोसियों ने बचाई जान



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • स्कीम-136 के एक अपार्टमेंट की तल मंजिल के इलेक्ट्रिक वाहन के शोरूम में आग लग गई। अपार्टमेंट के ऊपर दो मंजिल पर छह परिवार रहते हैं। आग के कारण वे सीढ़ियों से नीचे नहीं आ पा रहे थे। इस कारण उन्हें आसपास के लोगों ने सीढ़ी और रस्सी की मदद से सुरक्षित निकाला। आग लगने की घटना सुबह सवा आठ बजे हुई। तब शोरूम नहीं खुला था। आग के कारण शोरूम में रखे सभी दोपहिया वाहन जलकर खाक हो गए। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस जवान भी पहुंचे और उन्होंने भी आग में फंसे परिवारों को निकालने में मदद की।

**धुआं फ्लैट में घुसा तो खुली नींद**-सुबह जब आग लगी, तब फ्लैट में परिवार के कई सदस्य सो रहे थे। जैसे ही फ्लैट में धुआं घुसा तो रहवासियों की नींद खुली और वे जाग गए। नीचे देखा तो शोरूम जल रहा था और नीचे उतरने की जगह भी नहीं थी।




इंदौर। आईटीआई परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला ने किया पौधारोपण।

# इंदौर डिवीजन में ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण माल ढुलाई सड़क मार्ग से रेल मार्ग की ओर स्थानांतरित हो रही है

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण हाल ही में ईंधन की कीमतों में हुई वृद्धि ने इंदौर डिवीजन में माल ढुलाई को सड़क मार्ग से रेल मार्ग की ओर काफी हद तक स्थानांतरित कर दिया है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि रेल मार्ग अपेक्षाकृत सस्ता और भरोसेमंद साबित हो रहा है। इंदौर ट्रक ऑपरेटर और परिवहन संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह बग्गा ने बताया कि डीजल की कीमत में लगभग 8 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि के साथ-साथ डीजल एग्जॉस्ट फ्लूइड (डीईएफ/यूरिया), टायर, तेल, ग्रीस और ड्राइवरों के वेतन की बढ़ती लागत के कारण पिछले दो महीनों में डिवीजन में सड़क परिवहन व्यवसाय में 20% से 25% की गिरावट आई है। 'ग्राहकों ने परिचालन लागतों की भरपाई के लिए ट्रक चालकों द्वारा मांगे गए बढ़े हुए माल भाड़े का भुगतान करने से इनकार कर दिया है, जिससे माल की कमी हो गई है। परिणामस्वरूप, लगभग 25% वाणिज्यिक ट्रक वर्तमान में खड़े हैं और उनका अधिकांश परिवहन व्यवसाय अब रेलवे को सौंप दिया गया है। ऐसा लगता है कि इस बदलाव से रेलवे को काफी फायदा हुआ है, क्योंकि पश्चिमी रेलवे के रतलाम डिवीजन ने चालू वित्त वर्ष में माल ढुलाई में पिछले वर्ष की तुलना में 16.56% की वृद्धि दर्ज की है। मई तक, माल ढुलाई 35 लाख टन (एमटी) तक पहुंच गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 30 लाख टन (एमटी) थी।

# जिला प्रशासन के राजस्व में बुरे हाल, सीएम हेल्पलाइन में भी ए से डी ग्रेड में पहुंचा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर जिला प्रशासन के राजस्व कार्यों में बुरा हाल है। मूल नामांतरण, बटांकन, सीमांकन जैसे कार्यों में केसों का निराकरण 50 फीसदी से भी कम है। सीएम हेल्पलाइन में जो जिला अप्रैल माह में ए ग्रेड में था, वह अब डी ग्रेड में पहुंच गया है। इंदौर के कलेक्टर शिवम वर्मा ने बुधवार शाम को राजस्व अधिकारियों (एसडीएम और तहसीलदारों) की बैठक ली। इस बैठक में राजस्व कार्यों का जो लेखा-जोखा सामने आया, उसने इंदौर जिला प्रशासन के हाल बयां कर दिए हैं। कलेक्टर को कहना पड़ा कि अपने काम को लेकर गंभीर हो जाएं और पटवारियों पर लगाम कसें। यह स्थिति तब है जब इंदौर में डिप्टी कलेक्टर से लेकर तहसीलदारों की लंबी-चौड़ी फौज तैनात है। तहसीलदारों को तो अब प्रोटोकॉल ड्यूटी से भी मुक्ति मिल चुकी है। इसके लिए अलग से तहसीलदार तैनात हैं।



**इन अधिकारियों का काम सबसे पीछे**-अविवादित नामांतरण में: हातोद के आगरा सर्कल के नायब तहसीलदार, देपालपुर के नायब तहसीलदार, कनाडिया के नायब तहसीलदार, गौतमपुरा सर्कल के नायब तहसीलदार और बिचौली हप्सी के नायब तहसीलदार सबसे निचले पायदान पर हैं।

**विवादित नामांतरण में:** कनाडिया तहसील के नायब तहसीलदार, आगरा सर्कल (हातोद) के नायब तहसीलदार, हातोद के नायब तहसीलदार, कनाडिया के तहसीलदार और महू तहसील के तहसीलदार सबसे फिसड्डी हैं।

**अविवादित बंटवारे में:** कनाडिया के नायब तहसीलदार, महू के तहसीलदार, कनाडिया के तहसीलदार और हातोद के तहसीलदार की कोर्ट सबसे पीछे है।

**सीमांकन कार्यों में:** खुड़ैल के तहसीलदार, आगरा के नायब तहसीलदार, खुड़ैल के नायब तहसीलदार, तथा कनाडिया के तहसीलदार और नायब तहसीलदार सबसे पीछे चल रहे हैं।

**सीएम हेल्पलाइन में तो और बुरे हाल**-वहीं मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली सीएम हेल्पलाइन के मामलों की बात करें तो अप्रैल महीने में इंदौर ए ग्रेड पर था। लेकिन अगले ही महीने, मई के रिकॉर्ड में इंदौर जिला सीधे डी ग्रेड पर पहुंच गया।

मई में 1 हजार 210 शिकायतें मिलीं, जिनके निराकरण का प्रतिशत केवल 44 फीसदी रहा। इस वजह से इंदौर जिला मध्य प्रदेश में 30वें पायदान पर खिसककर डी ग्रेड में आ गया है।

**लोक सेवा गारंटी को तो छू भी नहीं रहे अधिकारी**-दूसरी ओर, जिस सेवा की गारंटी शासन ने दी है, उसे तो अधिकारी छू तक नहीं रहे हैं। लोक सेवा गारंटी में समय-सीमा बीतने पर पेनल्टी लगाने का प्रावधान है।

### देखिए राजस्व विभाग के कार्यों का हाल

- अविवादित नामांतरण : निराकरण 50 फीसदी (16 हजार 480 मामलों में से 8 हजार 571)
- विवादित नामांतरण : 43 फीसदी निराकरण (748 मामलों में से 323 निस्तारित)
- अविवादित बंटवारा : 27.51 फीसदी निराकरण (782 मामलों में से केवल 176 निस्तारित)
- विवादित बंटवारा : 32 फीसदी निराकरण (22 मामलों में से केवल 7 हुए)
- सीमांकन : 45 फीसदी निराकरण (6 हजार 396 मामलों में से 2 हजार 868 हुए)

# हनी ट्रैप 2 : जांच ब्लैकमेलिंग एंगल पर ज्यादा रसूखदारों के फोटो-वीडियो पर चुप्पी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मप्र के हनी ट्रैप पार्ट टू के खुलासे के 17 दिन बाद भी इसकी गोपनीयता को लेकर पुलिस की ओर से कोई कमी नहीं आई है। कुल मिलाकर पुलिस इस केस को हितेंद्र सिंह चौहान उर्फ चिंटू ठाकुर की ब्लैकमेलिंग एगंल से ही जांच में जुटी है। मप्र के चर्चित हनी ट्रैप पार्ट टू कांड को केवल ब्लैकमेलिंग एंगल तक सीमित रखने पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इस मामले को गोली चलाने के आदतन आरोपी चिंटू ठाकुर की फरियाद तक सीमित रखा गया है। आरोपी श्वेता जैन के पांच मोबाइल, रेशू के चार मोबाइल, 32 जीबी के एसडी कार्ड, दो पैन ड्राइव, स्पाई कैमरे के राज पर पुलिस पूरी तरह चुप है।

**कुछ आरोपियों का इतिहास है वीडियो बनाने का-डीसीपी**-डीसीपी क्राइम इंदौर राजेश कुमार त्रिपाठी ने इस मामले में यह तो कहा कि कुछ आरोपियों का इतिहास रहा है कि उन्होंने वीडियो बनाए हैं, लेकिन अभी मामला जांच में है और पूछताछ हो रही है। मोबाइल, एसडी कार्ड आदि में क्या है इस पर पुलिस का कहना है अभी यह जल्दबाजी होगी, मोबाइल को फारेंसिक लैब भेजा जा रहा है और जांच जारी है। मोबाइल रिपोर्ट के बिना कुछ नहीं कह सकते हैं।

**दो आरोपी फिर रिमांड पर**-वहीं पुलिस ने फिर जांच के लिए एक बार फिर आरोपी लेडी शराब तस्कर अलका दीक्षित और उसके बेटे जयदीप दीक्षित को एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया। फिर पूछताछ कर उन्हें गुरुवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि कुछ जरूरी बातों की जानकारी के लिए यह किया गया था।




**पूरे मामले में देखिए कैसी गोपनीयता**-फिरयादी चिंटू ठाकुर खुद बड़ा बाहुबली है, जो शराब सिंडीकेट की बैठक में गोली चलाने का आरोपी रहा है। वहीं आजादनगर में भी गोलीकांड में भी आरोपी बना। उसके साथ गाड़ियां चलती है और खुद भी हथियार लेकर चलता है। ऐसे में चिंटू की स्क्रिप्ट है कि उसे अलका, जयदीप, लाखन द्वारा सुपर कॉरिडोर पर 28 अप्रैल की रात को रोका गया और मारपीट की गई, एक करोड़ मांगे गए, नहीं देने पर जान से मारने और फोटो/वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। वहीं इसके बाद 17 दिन तक कुछ नहीं होता है। फिर 17 मई की रात को 40 अधिकारियों की टीम एक साथ सात ठिकानों पर छापे मारकर अलका, जयदीप, भोपाल से श्वेता जैन, सागर से रेशू चौधरी, पीथमपुर से लाखन चौधरी, देवास से जितेंद्र पुरोहित, इंदौर से हेड कांस्टेबल विनोद शर्मा इन सभी को पकड़ा जाता है। इसके बाद 18 मई की दोपहर 2.55 पर क्राइम ब्रांच चिंटू ठाकुर की एफआईआर औपचारिक तौर से दर्ज करती है।

# वंदेमातरम विवाद : पार्षद फौजिया शेख अलीम की अग्रिम जमानत खारिज, पर गिरफ्तारी नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नगर निगम सदन में हुए वंदेमातरम गान विवाद में कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम की अग्रिम जमानत खारिज हो गई है। इस मामले में जिला कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इसके बाद याचिका को खारिज कर दिया गया।

इंदौर नगर निगम के बजट सत्र के दौरान उठे वंदेमातरम विवाद को लेकर कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम की अग्रिम जमानत नामंजूर हो गई है। इस मामले में फौजिया ने यह कहते हुए जमानत मांगी थी कि वह 20 साल से पार्षद है और जनप्रतिनिधि, एलएलबी की छात्रा है।

उल्लेखनीय है कि इस विवाद के बाद फौजिया शेख और रूबीना इकबाल खान दोनों के खिलाफ एमजी रोड थाने में धार्मिक समरसता बिगाड़ने को लेकर केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने नोटिस देकर इन सभी के बयान भी लिए थे। वहीं पुलिस द्वारा की गई जांच, प्रतिवेदन के आधार पर जिला लोक अभियोजक अभिजीत सिंह राठौर ने तर्क रखे। शासन पक्ष की ओर से बताया गया कि पुलिस ने इसमें



प्रारंभिक जांच की है। पुलिस को पैन ड्राइव भी मिली है, जिसमें इनके बयान और घटनाक्रम की जानकारी है। इन्होंने निगम सदन में वंदेमातरम का गान नहीं किया, अपमान किया और बाद में मीडिया में आकर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले बयान दिए।

लोक अभियोजक राठौर ने कहा कि इनके द्वारा बयान दिया गया कि हिंदुस्तान पर मुसलमान का हक है, और हम तो मरते हैं तो दफनाया जाता है और हड्डिया यहीं रहती है। वहीं हिंदू को जलाया जाता है और अस्थियां गंगा में बहाई जाती है। वंदे मातरम इबादत से लेकर है और हमारे धर्म में हम अपनी मां की भी पूजा नहीं करते हैं।

# महापौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी, सांसद पर विवादित बोल, कांग्रेस उपाध्यक्ष पर एफआईआर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • महापौर पुष्यमित्र भार्गव और सांसद शंकर लालवानी पर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करना कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमंत आहूजा को भारी पड़ गया। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 223 ए के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया पर जनप्रतिनिधियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, भड़काऊ टिप्पणियां करने के खिलाफ प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए थे। इसका उल्लंघन करने पर अब फेसबुक पर खुद को कांग्रेस उपाध्यक्ष लिखने वाले हेमंत आहूजा पर बीएनएस धारा 223 ए में केस किया गया है।

फरियादी जयेश जैन पिता राजेश जैन निवासी अन्नपूर्णा द्वारा यह शिकायत ट्रेजर टाउन, राऊ निवासी हेमंत आहूजा के खिलाफ की गई थी। इसमें कहा गया कि आहूजा द्वारा अपनी फेसबुक आईडी पर लगातार एक के बाद एक आपत्तिजनक टिप्पणियां की जा रही हैं। इन गलत टिप्पणियों के जरिए महापौर की मानहानि की जा रही है और सामाजिक व राजनीतिक रूप से उनकी छवि को धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। सांसद शंकर लालवानी को लेकर भी गलत टिप्पणी की गई।

फेसबुक पर आहूजा द्वारा लगातार महापौर और सांसद पर निशाना साधा गया है। खासकर महापौर पर निशाना साधा गया है। इसमें महापौर को टैंकर माफिया संरक्षक, घोटालेबाज, निगम में सीवरेज घोटाला करने वाला, गाड़ियों के नाम पर लूट करने वाला जैसे शब्द कहे गए हैं। इन आरोपों और टिप्पणियों के पक्ष में कोई भी सबूत या दस्तावेज पेश नहीं किए गए, केवल आरोप लगाकर छवि खराब की गई।

### पूरा मामला इस प्रकार है



- कांग्रेस उपाध्यक्ष हेमंत आहूजा पर सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर केस दर्ज हुआ।
- महापौर पुष्यमित्र भार्गव और सांसद शंकर लालवानी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों का आरोप है।
- अन्नपूर्णा थाना में शिकायत के बाद बीएनएस की धारा 223 ए के तहत एफआईआर दर्ज की गई।
- शिकायत में जनप्रतिनिधियों की छवि धूमिल करने और मानहानि का आरोप लगाया गया।
- पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्टार्म वाटर लाइन के 19000 चेंबर साफ करने के लिए कमर कसी, 4 टीमें 13 जून तक करेगीं काम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नगर निगम द्वारा बारिश के मौसम को देखते हुए स्टार्म वाटर लाइन के 19000 चेंबर साफ करने के लिए अभियान शुरू किया गया है। इस कार्य में दो ठेकेदारों की चार टीमों को लगाया गया है। तैयार किए गए शेड्यूल के अनुसार 13 जून तक यह काम पूरा होगा।

निगम के जनकार्य विभाग द्वारा शहर के सभी 22 जोनल कार्यालय के क्षेत्र में डाली गई स्टार्म वाटर लाइन के चेंबर साफ करने का अभियान शुरू किया गया है, ताकि जब बारिश का पानी गिरे तो वह आसानी के साथ



निकल सके और लाइन के चोक होने के कारण पानी का जमाव नहीं हो। इसके लिए समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निगम द्वारा इस कार्य को करने के लिए अनुबंध किए गए ठेकेदार में मे. श्री दास एंड कंपनी तथा मे. गीता इंटरप्राइजेज की दो-दो टीमों को इस कार्य पर लगाया गया है।

इनमें से एक ठेकेदार एजेंसी को 11 जोनल कार्यालय के क्षेत्र में काम करने की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों एजेंसी का हर दिन का शेड्यूल तय कर दिया गया है। कौन से दिन कौन सी एजेंसी की टीम कौन से जोनल कार्यालय के क्षेत्र में काम करेगी यह निश्चित हो गया है। इस बारे में हर दिन का शेड्यूल तैयार करते हुए वह शेड्यूल सभी जोनल अधिकारियों को भेज दिया गया है, ताकि वह अपने जोनल कार्यालय में जिस दिन काम हो रहा हो उस दिन इस काम की निगरानी कर सकें। ठेकेदार के माध्यम से बेहतर तरीके से काम को अंजाम दिलवा सकें। निगम के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर ने बताया कि इस कार्य को कल से शुरू किया गया है और 13 जून को कंप्लीट कर लिया जाएगा। दोनों एजेंसी की जो दो टीमें निकलेंगी उन टीमों में इतने सदस्य होंगे कि यह टीम एक साथ 10 चेंबर की सफाई करने का काम कर सकेगी। पूरे शहर में स्टार्म वाटर लाइन के 19000 चेंबर हैं।

# समग्र आईडी के प्रिंट के लिए मोबाइल ओटीपी जरूरी नहीं, सरल हुई प्रक्रिया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • प्रदेश में समग्र आईडी से जुड़ी प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने की दिशा में प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब समग्र आईडी का प्रिंट करने के लिए मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त करना अनिवार्य नहीं होगा। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रशासन द्वारा ओटीपी आधारित सत्यापन की अनिवार्यता समाप्त किए जाने की तैयारी की जा रही है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद नागरिक बिना ओटीपी के भी अपनी समग्र आईडी से उसका प्रिंट प्राप्त कर सकेंगे।

**आधार कार्ड से भी ज्यादा बन गई समग्र आईडी**-अधिकारियों के अनुसार कई जिलों में आधार कार्ड धारकों की तुलना में समग्र पोर्टल पर पंजीकृत आईडी की संख्या अधिक पाई गई है। जांच में यह सामने आया है कि कई व्यक्तियों के नाम से एक से अधिक समग्र आईडी बनी है। इसी स्थिति को नियंत्रित करने समग्र आईडी का आधार से सत्यापन अनिवार्य किया गया है। समग्र के नोडल अधिकारी विकास गुप्ता का कहना है कि अब समग्र आईडी का प्रिंट प्राप्त करने के लिए ओटीपी की आवश्यकता नहीं होगी। नई व्यवस्था से आमजन को सुविधा मिलेगी तथा समग्र आईडी प्राप्त करने की प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक सरल और सुलभ हो सकेगी।

इसके लिए आवेदक को नाम, पिता का नाम, वार्ड, जोन, नगर निगम, नगर पालिका व जिले से संबंधित जानकारी पोर्टल पर दर्ज करनी होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।